www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 320 || अम्बेडकरनगर
रविवार
15 फरवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

मौसम
सूर्योदयः 06:44
सूर्यास्तः 05:58
अधिकतमः 27°00
न्यूनतमः 13°00





विशेष समाचार | लोकतंत्र की जीत के निहितार्थ... » पेज 04 | डिप्टी कमिश्नर के भाई की... » पेज 06 | मधुबाला की 93वीं बर्थ...



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ब्रह्मपुत्र नदी पर बने कुमार भास्कर वर्मन सेतु और आईआईएम गुवाहाटी के टेंपरेरी कैंपस का उद्घाटन भी किया।

## मोरन बाइपास चाइना बॉर्डर से लगभग 300 किलोमीटर दूर

पीएम मोदी का प्लेन आज सुबह करीब 10 बजे मोरन बाइपास पर बनी ELF पर उतरा। यह एयरस्ट्रिप सैन्य रणनीति के लिए अहम है। यह इलाका चाइना बॉर्डर से लगभग 300km दूर ही है। मोरन हाईवे पर पीएम की मौजूदगी में राफेल, सुखोई समेत 16 लड़ाकू विमान एरियल शो किया। » (शेष पेज 06 पर)



'तमसा संकेत' की तरफ से शिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

## सूर्यकांत बोले- रोहतक मेरा प्रेरणा क्षेत्र

रोहतक। रोहतक बार एसोसिएशन में पहुंचे चीफ जस्टिस ने भावुक होते हुए कहा कि मजबूरी के कारण आने में देरी हुई और जल्दी जाना पड़ रहा है। लेकिन रोहतक बार एसोसिएशन में आने के लिए काफी बैचेन था, क्योंकि जब भी रोहतक आने का मौका मिला।

# 'नार्थ ईस्ट हमारे लिए अष्टलक्ष्मी'

## मोदी वायुसेना के एयरक्राफ्ट से असम के हाईवे पर उतरे, ऐसा करने वाले पहले पीएम

दौरा

तमसा संकेत, एजेंसी

गुवाहाटी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को असम दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने गुवाहाटी में कहा- कांग्रेस ने देश को खतरे में डालकर रखा था। कांग्रेस ने जब भी सेना के लिए हथियार खरीदे, उसका मतलब हजारों करोड़ का घोटाला था। उन्होंने कहा- आज की कांग्रेस ऐसे लोगों और विचारों का साथ दे रही है जो देश के खिलाफ सोचते हैं। जो लोग देश को तोड़ने की बात करते हैं या ऐसे नारे लगाते हैं, वे कांग्रेस के लिए सम्मानित बन गए हैं। पीएम पहले चाबुआ एयरफील्ड पहुंचे थे। इसके बाद वे वायुसेना के C-130 एयरक्राफ्ट से डिब्रूगढ़ पहुंचे।

» (शेष पेज 06 पर)

### पीएम मोदी के भाषण की 5 खास बातें

- कांग्रेस के समय असम को पाई-पाई के लिए तरसाया जाता था। तब टैक्स के हिस्से के रूप में सिर्फ 10 हजार करोड़ रुपए मिलते थे। भाजपा की सरकार में 5 गुना ज्यादा मिल रहे हैं।
- जब मैं प्लेन से मोरन हाईवे पर उतरा तो नया इतिहास बन गया। कभी नार्थ ईस्ट का नाम आते ही लोग सोचते थे कि छोड़ो टूटी सड़क मिलेंगी तो कब ही पहुंचेंगे। आज यहां हाईवे पर हवाई जहाज भी लैंड करते हैं।
- भाजपा सरकार ने 10 साल में ब्रह्मपुत्र पर 5 बड़े पुल बनाए। कांग्रेस की 70 साल की सत्ता में 3 पुल बने। यह बताता है कि कांग्रेस ने असम को समस्या दी और हमने समाधान दिए।
- पिछले 12 साल में जब भी कोई नई शुरुआत हुई तो उसका फायदा नार्थ ईस्ट को मिला। वंदे भारत शुरू हुई तो असम नार्थ ईस्ट कनेक्ट हो गया। स्लीपर वंदे भारत भी असम से शुरू हुई।
- असम के लोगों के वोट के कारण यहां लाखों परिवारों के घर बने। शौचालय बने। पीने का पानी घर तक पहुंचा। इस पुण्य का हकदार भाजपा के बूथ का कार्यकर्ता है।







देश का बुरा सोचने वालों को कांग्रेस कंधे पर बैठाती है : पीएम मोदी

### असम में बनी पूर्वोत्तर की पहली इमरजेंसी लैंडिंग

मोरन एयरस्ट्रिप NH-127 के 4.4 किलोमीटर लंबे हिस्से पर बनाई गई है। यह भारत की पहली इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ELF) है, जो सेना और सिविल विमानों दोनों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। ELF का मतलब है कि युद्ध और इमरजेंसी जैसे हालात में हवाई जहाजों को हाईवे पर ही उतारा जाए और यहीं से उड़ान भरने की व्यवस्था हो। रोजमर्रा के ट्रैफिक के साथ-साथ सैन्य जरूरतों के लिए। डुअल-यूज इंफ्रास्ट्रक्चर के कॉन्सेप्ट पर तैयार ELF 40 टन तक के फाइटर एयरक्राफ्ट और 74 टन तक के मैक्सिमम टेक-ऑफ वेट वाले ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट को हैंडल करने में सक्षम है।

### 'भाजपा सरकार ने ब्रह्मपुत्र पर 5 बड़े पुल बनाए'

प्रधानमंत्री ने कहा- 2014 में मुझे देश की सेवा का अवसर मिला। उसके 2 साल बाद आप सभी ने यहां डबल इंजन सरकार बनाई। यहां भाजपा सरकार ने ब्रह्मपुत्र पर 5 बड़े पुल बनाए। कांग्रेस की 70 साल की सत्ता में 3 पुल बने हमने 10 साल में 5 पुल बनाए। कांग्रेस ने असम को समस्या दी हमने समाधान दिए।

» (शेष पेज 06 पर)

### 2014 में 6 एम्स थे, देश में 20 से ज्यादा

PM ने कहा- कांग्रेस के समय में 3जी और 4जी टेक्नोलॉजी आई टूजी घोटाले आए, लेकिन असम नार्थ ईस्ट तक उसे तेजी से पहुंचाने के लिए कांग्रेस ने मेहनत नहीं की। जब हम 5जी टेक्नोलॉजी लाए तो इसे पूरे असम में नार्थ ईस्ट में गांव गांव तक पहुंचाने के लिए काम किया। असम में डेटा सेंटर की भी शुरुआत हुई है, इससे युवाओं को लाभ मिलेगा।

» (शेष पेज 06 पर)

# 'दिल्ली में दम घुटता है'

## योगी बोले-आंखों में जलन होती है, गोरखपुर की हवा शुद्ध

कार्यक्रम

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर में शनिवार को सीएम योगी ने दिल्ली की एयर क्वालिटी पर निशाना साधा। कहा- वहां की हवा इतनी प्रदूषित हो चुकी है, जैसे गैस चैंबर हो। वहां सांस लेना भी कठिन है और आंखों जलन होती है। गोरखपुर में वातावरण एकदम शुद्ध है। पर्यावरण को आप बचाएंगे, तो पर्यावरण आपको बचाएगा। दरअसल, योगी आज गोरखपुर में थे। यहां उन्होंने 2.47 करोड़ की लागत से बने कल्याण मंडपम का लोकार्पण किया। इस दौरान सांसद रवि किशन की चुटकी ली। कहा- परिवार के सभी लोग चाहते कि घर में मांगलिक कार्यक्रम हो। अब हर कोई रवि किशन तो है नहीं कि रोज विवाह कर ले। ये करते हैं न फिल्मों में। आम व्यक्ति होटल या मैरिज हॉल तो नहीं बुक कर सकता। न ही रवि किशन की तरह शीशमहल बना सकता है।



- गोरखपुर में आज 2.47 करोड़ की लागत से नवनिर्मित कल्याण मण्डपम् (कन्वेंशन सेंटर) का लोकार्पण किया।

» (शेष पेज 06 पर)

### एमपी-यूपी, राजस्थान समेत 5 राज्यों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस पार

शिमला/भोपाल/जयपुर/रायपुर/लखनऊ । देश के पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 13 से 16 फरवरी तक दो विस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हैं। इससे अगले दो दिन में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 15 से ज्यादा शहरों में दिन का टेम्परेचर 30 डिग्री पार पहुंच चुका है। रात में भी पारा 10 डिग्री से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश के कई शहरों में पारा 30C के पार हो चुका है। बांदा में अधिकतम तापमान 31.2C और प्रयागराज में 30.4C दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ में औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस जगदलपुर में दर्ज किया गया। राजस्थान के कई हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

## ब्रह्मपुत्र के नीचे टनल बनेगी ट्रेन और दूसरे वाहन चलेंगे

### 6 घंटे का सफर 20 मिनट में तय होगा

मंजूरी

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को कैबिनेट मीटिंग में असम में ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे देश की पहली रोड-कम-रेल टनल समेत फोर लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड कॉरिडोर को मंजूरी दी गई। इसकी कुल लागत 18,662 करोड़ होगी।

यह भारत की पहली और दुनिया की दूसरी अंडरवॉटर रोड-कम-रेल टनल परियोजना होगी, जिसमें एक ही सुरंग में रोड और रेल लाइन होगी। ट्रेन और गाड़ियां एक साथ चलेंगी। इसे इंजीनियरिंग-प्रोक्योरमेंट-कंस्ट्रक्शन (EPC) मॉडल पर विकसित किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत गोहपुर (NH-15) से नुमालीगढ़ (NH-715) के बीच 15.79 किमी लंबी टनल बनाई जाएगी। अभी नुमालीगढ़ और गोहपुर के बीच करीब 240 किमी की दूरी तय करने में 6 घंटे का समय लगता है। इस प्रोजेक्ट के बाद यह घटकर 20 मिनट रह जाएगा।



- अभी चैनल टनल ही एकमात्र अंडरवाटर रोड-कम-रेल टनल

» (शेष पेज 06 पर)

फास्ट न्यूज

### डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा के काफिले की गाड़ियां भिड़ीं

झुंझुनूं । राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के काफिले में शामिल गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। डिप्टी सीएम पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी को भी चोट नहीं आई है। मामला झुंझुनूं जिले के उदयपुरवाटी घाट क्षेत्र में शनिवार सुबह 10:45 का है।

जांच | तस्करी

### अमृतसर एयरपोर्ट से 1.64 करोड़ का गांजा बरामद

अमृतसर । अमृतसर में नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत कस्टम विभाग को सफलता मिली है। कस्टम अमृतसर की टीम ने स्पॉट प्रोफाइलिंग और बैगेज स्क्रीनिंग के दौरान एक यात्री के सामान से 1 किलो 640 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1.64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह यात्री बैंकॉक से फ्लाइट नंबर SL-214 के माध्यम से श्री गुरु राम दास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर पहुंचा था। कस्टम अधिकारियों को उसके व्यवहार पर शक हुआ, जिसके बाद सामान की गहन जांच की गई।

### इमाम बोले-जहां वंदे मातरम् अनिवार्य, वहां से बच्चों को निकालें

उज्जैन । केंद्र सरकार ने 28 जनवरी को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनके मुताबिक, अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम्' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा।

## राहुल का आरोप : ट्रेड डील से कपास किसानों को नुकसान


### ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

कटाक्ष

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील से कपास उगाने वाले किसानों और कपड़ा उद्योग पर उल्टा असर पड़ेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर शनिवार को अपने वीडियो पोस्ट में राहुल ने आरोप लगाया कि 18% टैरिफ बनाम 0% समझाता हूं, कैसे झूठ बोलने में माहिर प्रधानमंत्री और उनकी कैबिनेट इसपर भ्रम फैला रहे हैं, और किस तरह से वो भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से देश के कपास किसानों और टेक्सटाइल एक्सपोर्टर्स को धोखा दे रहे हैं।

पोस्ट में राहुल ने कहा कि बांग्लादेश को अमेरिका में गारमेंट्स निर्यात पर 0% टैरिफ का फायदा दिया जा रहा है - शर्त बस इतनी है कि वो अमेरिकी कपास आयात करें।



- राहुल बोले- बांग्लादेश भारत से कपास आयात बंद कर सकता है

» (शेष पेज 06 पर)

### मुंबई के मुलुंड में मेट्रो पिलर का स्लैब गिरा

मुंबई । मुंबई के मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर निर्माणाधीन मेट्रो लाइन नंबर 4 के पिलर का स्लैब गिर गया। स्लैब एक ऑटो रिक्शा और स्कोडा कार पर गिरा। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं तीन लोग घायल हो गए। घटना शनिवार दोपहर करीब 12 बजे एल.बी.एस. रोड, जॉनसन एंड जॉनसन फैक्ट्री के पास की है। दबने से दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजनल डेवलपमेंट अथॉरिटी (MMRDA) ने बयान जारी किया। अथॉरिटी ने बयान में कहा कि बीएमसी और डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटीज के साथ मिलकर राहत कार्य और साइट को सुरक्षित करने का काम चल रहा है। हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम रामधन यादव है। घायलों में राजकुमार इंद्रजीत यादव (45), महेंद्र प्रताप यादव (52) और दीपा रुहिया (40) शामिल हैं।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर कांग्रेस पर भड़के अमित शाह

# 'राहुल गांधी चलाते हैं झूठ की फैक्ट्री'

आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। अमेरिका से ट्रेड डील को लेकर देश को बेच देने के राहुल गांधी के आरोप पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पलटवार करते हुए कहा, 'राहुल की नीति झूठ बोलने, जोर-शोर से झूठ बोलने और उसे दोहराने की है। लेकिन, लोगों ने उनकी झूठ गढ़ने वाली फैक्ट्री को पहचान लिया है।' शाह ने स्पष्ट किया कि ट्रेड डील में किसानों और मछुआरों के हितों से कोई समझौता नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के समय आतंकी हमले रूटीन बन गए थे।

- अमित शाह ने राहुल गांधी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया।
- ट्रेड डील में किसानों, मछुआरों के हितों से समझौता नहीं।
- पीयूष गोयल ने राहुल की आर्थिक समझ पर सवाल उठाए।

» (शेष पेज 06 पर)



### अमित शाह ने राहुल गांधी को दिया जवाब

कराइकल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौते और अमेरिका के साथ व्यापार समझौता हमारे देश के मछुआरों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होने वाले हैं।' अमित शाह ने आगे कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमारे किसानों और पशुपालकों को शत-प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करने के लिए काम किया है। मनमोहन सिंह के शासनकाल में किसानों को नुकसान पहुंचाया गया था। कई ऐसे वैश्विक समझौते हुए जिनमें किसानों के हितों का सौदा किया गया।'

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल के राजनीतिक दृष्टिकोण की आलोचना करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि उन्होंने जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से बयान दिए हैं। » (शेष पेज 06 पर)

## कार्यक्रम : भीटी के खजुरी गांव में जनसंवाद, कानून व्यवस्था पर साधा निशाना

# अंबेडकरनगर में जनचौपाल

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले में शनिवार को भीटी क्षेत्र के खजुरी गांव में जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए। जनचौपाल के दौरान उन्होंने सपा और कांग्रेस पर सीधा हमला बोलते हुए कानून व्यवस्था, विकास और चुनावी रणनीति पर विस्तार से अपनी बात रखी।

डिप्टी सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सपा सरकार के समय प्रदेश में गुंडागर्दी चरम पर थी। थानों पर अपराधियों और माफियाओं का प्रभाव रहता था तथा पुलिस पर दबाव बनाया जाता था। उनका दावा था कि उस दौर में आम नागरिक स्वयं को असुरक्षित महसूस करता था। इसके विपरीत वर्तमान भाजपा सरकार में कानून का राज स्थापित हुआ है।

» (शेष पेज 06 पर)





### संविधान और आरक्षण पर विपक्ष को जवाब

जनचौपाल के दौरान विपक्ष द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम पर भी डिप्टी सीएम ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि संविधान और आरक्षण पूरी तरह सुरक्षित हैं। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के सिद्धांत पर काम कर रही है। किसी भी वर्ग के अधिकारों से समझौता नहीं किया जाएगा। » (शेष पेज 06 पर)

### बिजली, आवास और महिला सशक्तिकरण पर जोर

डिप्टी सीएम ने विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि सपा शासनकाल में बिजली की आपूर्ति बाधित रहती थी, जबकि वर्तमान सरकार में स्थिति बदली है। उन्होंने दावा किया कि अब प्रदेश में बिजली आपूर्ति में व्यापक सुधार हुआ है और ग्रामीण क्षेत्रों तक नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।



### 2027 ही नहीं, 2047 तक सत्ता से दूर रहेगा विपक्ष

डिप्टी सीएम ने आगामी चुनावों को लेकर भी स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने कहा कि 2027 तो छोड़िए, 2047 तक कांग्रेस और सपा के सत्ता में आने की संभावना नहीं है। उनका आरोप था कि सपा में कार्यकर्ता नहीं, बल्कि असामाजिक तत्व सक्रिय हैं। उन्होंने विपक्ष पर सामाजिक पृष्ठभूमि को लेकर राजनीति करने का भी आरोप लगाया। कहा कि विपक्ष गरीब परिवार से निकले नेताओं को स्वीकार नहीं कर पा रहा है। इसी संदर्भ में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उल्लेख करते हुए कहा कि एक साधारण परिवार से निकले व्यक्ति के नेतृत्व को विपक्ष पचा नहीं पा रहा है। » (शेष पेज 06 पर)

## आप योगी हैं तो मुख्यमंत्री पद पर क्यों : अविमुक्तेश्वरानंद

### शंकराचार्य को सरकारी प्रमाण की जरूरत नहीं

पलटवार

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सीएम योगी के बयान पर पलटवार किया। वाराणसी में उन्होंने शनिवार को कहा- सनातन धर्म में शंकराचार्य की पहचान किसी राजनीतिक प्रमाणपत्र से नहीं होती। सरकार या कोई राजनीतिक दल यह तय नहीं करेगा कि कौन शंकराचार्य होगा। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा- सनातन में ऐसी कोई परंपरा नहीं कि कोई मुख्यमंत्री या सरकार प्रमाणपत्र देकर शंकराचार्य नियुक्त करे। इन्होंने स्वामी वासुदेवानंद जी को शंकराचार्य का प्रमाणपत्र दिया। उन्हें हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने रोक रखा है। कोर्ट बार-बार कह रही है कि इन्हें शंकराचार्य न कहा जाए।

उन्होंने कहा- सपा ने शंकराचार्य को मारा था। आप भी मार चुके हो। मतलब सपा ने जिसे मारा, उसे हम भी मार सकते हैं। अगर यही परिभाषा है, तो सपा से अलग कैसे हो सकते हो? जो अहंकार 2015 में अखिलेश के माथे पर चढ़ा था, वही अहंकार चढ़ गया है।



- हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं हो सकता - योगी

» (शेष पेज 06 पर)

# मोदी ट्रंप ट्रेड डील के खिलाफ आप का प्रदर्शन

## समझौते की प्रतियां जलाकर आम आदमी पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

झड़प

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुए कथित ट्रेड डील को देश की संप्रभुता, किसानों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों के हितों पर सीधा हमला बताते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर आम आदमी पार्टी ने ललितपुर, गाजियाबाद, बहराइच, बागपत, जालौन, मुजफ्फरनगर, चंदौली, वाराणसी, आगरा, बदायूं, मैनपुरी, मेरठ, कानपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के जिला मुख्यालयों पर एक साथ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इसी कड़ी में लखनऊ के स्वास्थ्य भवन चौराहे पर लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के प्रमुख नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर



यह ट्रेड डील नहीं, थ्रेट डील है: इरम रिजवी जिलाध्यक्ष

> इरम रिजवी ने कहा की अमेरिका के दबाव में भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदना बंद कर दिया, जिससे देश को 1,53,000 करोड़ की बचत हो रही थी। क्या भारत अब अपने फैसले खुद नहीं ले सकता? हमारी संप्रभुता और स्वाभिमान का सौदा क्यों किया जा रहा है ? रूस जैसे पारंपरिक मित्र से तेल न खरीदने की शर्त भारत की संप्रभुता का अपमान है।

जोरदार प्रदर्शन किया तथा महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कार्यकर्ताओं को पुलिस के बीच झड़प हुई बाद पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर इको गार्डन ले गई। इस दौरान आप ऑटो विंग के प्रदेश अध्यक्ष प्रीत पाल सलूजा की पगड़ी पुलिस ने उतार दी जो पूरे सिख समाज का अपमान है इसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी ने आरोप लगाया है कि यह समझौता भारतीय कृषि बाजार को अमेरिकी हितों के लिए खोलने, रूस से सस्ता तेल खरीद बंद कराने, व्यापारिक असमानता थोपने और देश के स्वाभिमान को गिरवी रखने की साजिश है, जिसे तत्काल रद्द किया जाना चाहिए।

इस दौरान जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का कृषि बाज़ार अमेरिकी किसानों के लिए खोलकर देश के किसानों के डेथ वारंट पर साइन किया है, इसको हम लोग बर्दाश्त नहीं करेंगे! यह ट्रेड डील नहीं, थ्रेट डील है। नई ट्रेड डील के तहत भारतीय उत्पादों पर अमेरिका 18 प्रतिशत टैक्स लगाएगा जबकि अमेरिकी कृषि उत्पादों को भारत में टैक्स फ्री एंट्री देकर देश के करोड़ों किसानों के साथ अन्याय किया गया है। मोदी सरकार ने अमेरिकी दबाव में आकर भारतीय किसानों के डेथ वारंट पर साइन कर दिए हैं।

### 80,000 करोड़ महंगा तेल खरीदने का फैसला

इरम रिजवी ने कहा कि सरकार ने रूस जैसे पुराने मित्र से सस्ता तेल खरीदने के बजाय अमेरिका और वेनेजुएला से 80,000 करोड़ महंगा तेल खरीदने का फैसला किया है। इस भारी खर्च का खामियाजा आम जनता को भुगतना होगा।

आखिर किसकी जेब भरने के लिए यह सौदा किया गया? अगर भारत रूस से तेल खरीदेगा तो अमेरिका 25% टैक्स लगा देगा। क्या यह देश की संप्रभुता से समझौता नहीं है? क्या हम चोर हैं? क्या हम बेईमान हैं जो अमेरिका हमारे ऊपर निगरानी रखेगा? अमेरिका के कहने पर हमने अपने पुराने दोस्त रूस का साथ छोड़ दिया और बदले में हमारे व्यापारियों को क्या मिला? संजय सिंह ने कहा कि इस ट्रेड डील के पर्दे के पीछे बहुत सारे खेल चल रहे हैं। कल तक ट्रंप को दुनिया का सबसे बेकार आदमी कहने वाली मीडिया आज उनकी भाषा क्यों बोल रही है? आखिर 'अज्ञात' शर्तों के नाम पर क्या छिपाया जा रहा है?

■ मोदी सरकार ने किसानों के डेथ वारंट पर साइन किया: इरम रिजवी

### भारत के कपड़ों पर 18% टैक्स और बांग्लादेश के कपड़ों पर 0%?

निवर्तमान महासचिव दिनेश पटेल ने कहा कि भारत के कपड़ों पर 18% टैक्स और बांग्लादेश के कपड़ों पर 0%? यह कैसी ट्रेड डील है? मोदी ने भारत का सम्मान गिराकर युगांडा, वेनेज़ुएला, घाना और बांग्लादेश जैसे देशों से भी नीचे कर दिया। क्या अडानी पर भ्रष्टाचार के आरोपों और 'एपस्टीन फाइल्स' में चौंकाने वाले खुलासों के दबाव में आकर प्रधानमंत्री विदेशी दौरे और समझौते कर रहे हैं?

# राजधानी के इकाना में रणजी खिलाड़ियों ने पसीना बहाया

## उत्तराखंड और कर्नाटक की टीम ने प्रैक्टिस किया

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ के इकाना स्टेडियम में 15 फरवरी, रविवार से कर्नाटक और उत्तराखंड के बीच रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल का मैच खेला जाएगा। इसके पहले 14 फरवरी, शनिवार को दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने इकाना के मैदान पर अभ्यास किया। उत्तराखंड की टीम सुबह के समय में मैदान पर आई, जबकि कर्नाटक की टीम ने दोपहर में अभ्यास किया।

कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल, तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा मैदान पर प्रैक्टिस करने नहीं उतरे। स्टार बल्लेबाज केएल राहुल आज रात लखनऊ पहुंचेंगे। इसके बाद टीम से जुड़ेंगे। बल्लेबाज मयंक अग्रवाल, करुण नायर मैदान पर पसीना बहाते हुए नजर आए।

7 साल में पहली बार रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंची उत्तराखंड टीम के अधिकतर खिलाड़ियों ने



मैदान पर पसीना बहाया है। एलीट बी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही कर्नाटक ने मजबूत मुंबई को चार विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की की, जबकि दूसरी ओर एलीट सी ग्रुप में दूसरे स्थान पर रही उत्तराखंड ने क्वार्टर फाइनल में झारखंड को पारी और छह रन से पराजित किया था। इकाना स्टेडियम इस सत्र में रणजी ट्रॉफी फाइनल की मेजबानी भी कर सकता है। उत्तराखंड सेमीफाइनल में कर्नाटक को हराने पर इसकी संभावना है। दरअसल, रणजी ट्रॉफी में पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर के बीच दूसरा सेमीफाइनल कल्याणी (पश्चिम बंगाल) में खेला जा रहा है।

फास्ट न्यूज

### हत्या कर 14 साल से फरार युवक गिरफ्तार

लखनऊ । लखनऊ जीआरपी ने 14 साल से फरार चल रहे 50 हजार रुपए के इनामिया हत्यारोपी संत कुमार को गुजरात के अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रायबरेली में रेलवे के एक केबिनमैन की हत्या के मामले में दोषी ठहराया जा चुका है और उसे आजीवन कारावास की सजा भी सुनाई जा चुकी है। इसके बावजूद वह नाम बदलकर परिवार के साथ फरार जीवन जी रहा था।

### लखनऊ आ रही एअर इंडिया फ्लाइट में क्रू मेंबर-पैसेंजर भिड़े

सरोजनी नगर, लखनऊ । लखनऊ आ रहे एअर इंडिया विमान में यात्री और क्रू मेंबर भिड़ गए। लखनऊ में लैंड करने पर CISF ने यात्री को पत्नी और उसके 3 साल के बेटे के साथ उतार लिया। दोनों पक्षों ने पुलिस से शिकायत दी है। आरोप है कि बिजनेस क्लास का टिकट लेने के बावजूद इकॉनमी सीट दी गई। नॉनवेज खाना ऑर्डर किया था तो वेज खाना दिया गया। घटना 14 फरवरी, शनिवार की है। विमान IX 2048 बेंगलुरु से आ रहा था। इस विमान का लखनऊ पहुंचने का निर्धारित समय सुबह 10:35 बजे है।

### सस्ता हुआ राष्ट्र प्रेरणा स्थल के म्यूजियम का टिकट

लखनऊ। लखनऊ के बसंतकुंज स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल आने वाले दर्शकों के लिए राहत की खबर है। LDA ने म्यूजियम का प्रवेश शुल्क 50 रुपए से घटाकर 35 रुपए कर दिया है। संचालन समिति की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद नई दरें लागू कर दी गई हैं। हालांकि, पार्क का प्रवेश शुल्क पहले की तरह 15 रुपए ही रहेगा।

# खून के आंसू बहा रहा परिवहन निगम, कोई सुनने वाला नहीं : जसवंत सिंह

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। सेंट्रल रीजनल वर्कशॉप कर्मचारी संघ प्रदेश के महामंत्री जसवंत सिंह नें एक बयान में कहा कि मंत्री ने लगभग 600 नियमित नियुक्तियों के बारे में बताया लेकिन निगम में संचालित बसों के सापेक्ष कितने नियमित चालक परिचालक निगम में है और उसमें से कितने संचालन से जुड़े है तो नियमित चालक परिचालक की स्थिति पर कुछ नहीं कहा, यह भी नहीं बताया कि तमाम आदेश ,टिप्पणी जो कि सर्वोच्च न्यायालय,उच्च न्यायालय की है की लगातार वर्षों वर्ष से कार्यरत परिवहन निगम के चालकों परिचालकों को नियमित किया जाय। जब ऐसी व्यवस्था हो कि यदि निगम में माना जाय कि 10000 बसे है तब शासन की नीति ,परिवहन निगम में बसों के संचालन हेतु जो नॉर्म्स है वह प्रति बस 2,16 के अनुसार तत्काल 21000 ,21000 लगभग 42000 नियमित



चालकों, परिचालकों को नियमित नियुक्ति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कौन सा आंकड़ा मंत्री अगर आप चाहे तो प्रदेश के संविदा के नाम पर शोषित प्रदेश के 50000 युवाओं का जीवन सुधर जाएगा और सरकार की जय जयकार होगी। डग्गामार पर भी जब से आपने सदन में कहा कि एक भी डग्गामार प्रदेश में नहीं चल रही है।

तब से डग्गामार संचालन के हौसले बुलंद हो गए हर गली चौराहे पर प्राइवेट वाहनों की मौज हो गई और निगम के चालक परिचालक रिकवरी करा रहा है बेचारा परिवहन निगम आपके संरक्षण में खून के आंसू बहा रहा है क्योंकि उसकी सुनने वाला कोई नहीं है।

## कृषि मंत्री ने बुंदेलखंड में 'श्री अन्न' एवं 'प्राकृतिक खेती' उत्कृष्टता केंद्रों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

# 'कृषि शोध को प्रयोगशाला से खेतों तक पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता'

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने शनिवार को रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी में ₹विकसित कृषि-विकसित भारत-2047₹ अभियान के तहत तीन दिवसीय अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी-2026 का भव्य उद्घाटन किया। 14 से 16 फरवरी तक चलने वाले इस मेले का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों, नवाचारों और मशीनी-करण को सीधे धरातल पर उतारना है। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए ₹श्री अन्न उत्कृष्टता केंद्र₹ तथा ₹खाद्य परीक्षण एवं प्रसंस्करण केंद्र₹ का लोकार्पण किया। साथ ही, उन्होंने 20 करोड़ रुपये की



लागत वाले ₹प्राकृतिक एवं जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र₹ और 11 करोड़ रुपये की ₹प्राकृतिक कृषि उत्पाद परीक्षण प्रयोगशाला₹ का शिलान्यास किया, जो बुंदेलखंड की कृषि व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएंगे।

उन्होंने जोर दिया कि फसल चक्र अपनाने, बीज शोधन और नई तकनीकों के प्रयोग से ही आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूर्ण होगा। मंत्री जी ने बताया कि वर्तमान सरकार में कृषि बजट में कई गुना वृद्धि की गई है और बुंदेलखंड के सात जनपदों के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ-साथ निःशुल्क मिनी किट, सोलर पंप और सिंचाई की बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। कृषि मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकेनाइजे-शन' के तहत लाभार्थियों को फार्म मशीनरी बैंक का सांकेतिक वितरण किया, जिसमें 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया गया है। उन्होंने एआई



> कार्यक्रम के अंत में कृषि मंत्री ने विभिन्न फसलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया और वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई विभिन्न तकनीकी पुस्तकों व प्रसार प्रकाशनों का विमोचन भी किया।

आधारित तीन अत्याधुनिक मोबाइल एप्लीकेशन— ₹DraQ₹, ₹Aqua Scan₹ एवं ₹पशु आहार मित्र₹ का भी लोकार्पण किया, जो उन्नत बागवानी, मत्स्य पालन और

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि कृषि शोध को प्रयोगशा-लाओं से किसानों के खेत तक पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ₹जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान₹ का मंत्र देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्यान्न उत्पादन में देश का नेतृत्व कर रहा है और अकेले 30 प्रतिशत गेहूँ का उत्पादन कर रहा है।

## कोई सूचना से अवगत कराया गया है यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक

# राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने रेल मंत्री से की मांग

### कुली संगठन की मांगें

बैटरी चालित वाहनों का संचालन रेलवे के निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप किया जाए।

कुली/यात्री सहायक संवर्ग को वर्ष 2008 की भांति रेलवे की स्थाई सेवाओं में समायोजित करने की प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाए।

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि रेल मंत्रालय द्वारा कराई गई जांच की रिपोर्ट संसद के पटल पर रखी जाए। यह जांच कुली/यात्री सहायक संवर्ग की आजीविका और सामाजिक सुरक्षा के संबंध में की गई थी। राष्ट्रीय कुली मोर्चा के संयोजक राम सुरेश यादव के अनुसार, रेल मंत्रालय ने दिनांक 19/06/2025 को सभी मंडल रेल प्रबंधकों को कुली / यात्री सहायकों के आजीविका ,सामाजिक सुरक्षा, एवं नौकरी के संबंध में जांच हेतु निर्देशित किया था, लेकिन अभी तक जांच की



प्रगति और रिपोर्ट के बारे में कोई सूचना उपलब्ध न तो राष्ट्रीय कुली मोर्चा के पदाधिकारी को की गई एवं न ही जिन सांसदों के पत्रों के आधार पर जांच करने के निर्देश दिए गए थे उन्हें ही इसके बारे में कोई सूचना से अवगत कराया गया है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। राष्ट्रीय कुली मोर्चा ने मांग की है कि रेल मंत्रालय द्वारा कराई गई जांच की रिपोर्ट संसद के पटल पर रखी जाए और उसके अनुसार कुली/यात्री सहायक की आजीविका और सामाजिक सुरक्षा एवं समायोजन के संबंध में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कुली/यात्री सहायक संवर्ग के लिए सामाजिक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएँ, जिनमें बच्चों के लिए मुफ़्त शिक्षा, परिवार हेतु आयुष्मान/उम्मीद कार्ड द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा, वर्दी, सुविधासम्पन्न विश्रामगृह एवं रेलवे पारिवारिक पास की सुविधा, और वृद्ध कुलियों के लिए पेंशन व्यवस्था शामिल हों।

मुख्य रूप से प्रदर्शन में जलील अहमद, अकील अहमद, मोहित अहमद, राघवेंद्र प्रताप सिंह, रमेश यादव, कल्लन शाह, अकीब, नामदार अली,फुरकान अली , संजीवन, अकबर अली, राम प्रीत, अजय कुमार, विजय, अखिलेश, सीताराम,राकेश, सुनील कुमार सोहित यादव, अवधेश यादव, बैजनाथ यादव, अली हैदर आदि सैकड़ों कुलियों ने भाग लिया।

# कर्मचारियों की पीड़ा को लेकर इप्सेफ नें मुख्यमंत्री योगी को लिखा दूसरा पत्र

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। इंडियन पब्लिक सर्विस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वी.पी. मिश्रा ने संवाददा-ताओं को बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार जनता, व्यापारियों, छात्रों युवा वर्ग आदि के लिए अच्छा कार्य कर रही है परंतु प्रदेश के 27 लाख कर्मचारी शिक्षकों आउटसोर्स, संविदा कर्मचारियों के साथ न्याय नहीं कर रही है समस्याएं लंबित पड़ी हैं। मिश्रा ने खेद व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री शासन, विभागों के विभागाध्यक्ष, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी के साथ संवाद नहीं करते हैं यहां तक के प्रदेशीय संगठनों के अध्यक्ष/महामंत्री के सचिवालय प्रवेश पत्र जारी नहीं करते हैं जबकि मुख्य सचिव स्तर पर आदेश दिए जा चुके हैं। पूर्व में प्रत्येक वर्ष सचिवालय प्रवेश पत्र



जारी होते रहे हैं यहां तक की बड़े संगठनो के पदाधिकारी के लिए भी सचिवालय प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जा रहे हैं। जबकि मुख्यमंत्री एवं प्रमुख सचिव स्तर से आदेश भी जारी किए गए थे।

मिश्रा ने खेद व्यक्त किया की प्रमुख सचिव कार्मिक स्तर से बैठके लगाकर मांगों पर निरंतर बैठक होती रही है जिसमें समस्याओं का समाधान होता रहता था विभागों की सेवानियमावलियां पदों का सृजन, नियुक्तियां, पदोन्नतियां भी लंबित पड़ी है। कर्मचारी संबंधी समस्या कार्मिक विभाग में लंबित हैं जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है। सातवें वेतन आयोग के अनुसार विभागीय पदों का पुनर्गठन लंबित पड़े हैं जिससे आठवी वेतन आयोग में कर्मचारियों को भारी क्षति उठानी पड़ेगी।

मिश्र ने बताया कि मुख्यमंत्री जी को पत्र भेजकर ध्यान आकर्षित किया था। जनसुनवाई पोर्टल पर जवाब आता है कि मामले निस्तारित कर दिए गए हैं। जबकि वास्तविकता नकारात्मक है। मिश्र ने मुख्यमंत्री को दोबारा पत्र भेज कर आग्रह किया है कि कर्मचारियों की पीड़ा का समाधान हेतु वर्तमान व्यवस्था में परिवर्तन करें वरना आगामी चुनाव में भारी क्षति उठानी पड़ेगी। लोकसभा चुनाव में नुकसान हो चुका है।

घटना : इसी हफ्ते पैदा हुए थे 6 पिल्ले, अब दूध के लिए बिलख रहे, पशुप्रेमी करा रहे इलाज

# डॉगी पर डाला तेजाब, हड्डी दिखने लगी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में 8 महीने बाद एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। किसी ने एक डॉगी के ऊपर तेजाब डाल दिया। इससे वह बुरी तरह झुलस गई। डॉगी ने इसी हफ्ते गली में 6 पिल्लों को जन्म दिया था। अब उसकी हालत खराब हो गई है।

उसके पैर, जबड़े और सीने की हड्डी दिखने लगी है। छोटे-छोटे बच्चे दूध के लिए बिलख रहे हैं। इससे पहले जून-2025 में किसी ने कई कुत्तों को बिरयानी में जहर मिलाकर खिला दिया था।

घटना स्थल के पास रहने वाले सौरभ ने बताया था- किसी ने मीट में जहर मिलाकर कुत्तों को दिया। उसे खाने के बाद कुत्तों की हालत खराब हो गई। चार कुत्ते कूं-कूं करते हुए



> ताजा घटना चौक इलाके की पुल वाली गली की है। यहां गुरुवार रात किसी ने डॉगी पर तेजाब डाल दिया। डॉगी का आधा शरीर बुरी तरह झुलस गया है। वह जबरदस्त दर्द में तड़प रही है। सूचना पर पहुंचे पशुप्रेमी उसका इलाज करा रहे हैं।

तड़पने लगे। वो ठीक से चल भी नहीं पा रहे थे। कुछ देर में तड़पते हुए शांत हो गए। उनकी मौत हो गई। बचे हुए कुत्ते तड़प रहे हैं। NGO वालों ने इन कुत्तों के इलाज में बहुत

### चमड़ी पूरी तरह जली, हालत गंभीर

घटना 13 फरवरी की रात की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, डॉग ने इसी हफ्ते छह पिल्लों को जन्म दिया था। देर रात अचानक डॉगी के चीखने की आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निकले तो देखा कि उसका शरीर बुरी तरह जला हुआ है। चमड़ी जगह-जगह से गल चुकी थी और वह दर्द से तड़प रही थी। सूचना मिलने पर पशु प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने उसे प्राथमिक उपचार दिलाने की व्यवस्था की। फिलहाल, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। तेजाब के कारण गहरे जख्म हुए हैं और संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से अज्ञात आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की मांग की है।

मदद की है। क्षेत्रीय लोगों में घटना को लेकर काफी गुस्सा है। सूचना पर तालकटोरा पुलिस पहुंची थी। लोगों ने पुलिस से ऐसा करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। हम लोग चाहते हैं कि ऐसा करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### जून-2025 में कुत्तों को खिलाया था जहर

इससे पहले जून-2025 में 10 कुत्तों को चिकन बिरयानी में जहर मिलाकर खिला दिया गया। 4 कुत्ते तड़प-तड़पकर मर गए थे। बाकी के 6 कुत्तों का NGO के डॉक्टरों ने इलाज किया। घटना राजाजीपुरम टैक्सी स्टैंड के पास हुई थी। 2 जून की रात 2-3 बजे के बीच कुत्तों को बिरयानी खिलाई गई।

इलाके के लोगों ने मंगलवार की सुबह कुछ कुत्तों को तड़पते देखा। फिर NGO और पुलिस को सूचना दी। NGO के डॉक्टर तुरंत मौके पर पहुंचे। तालकटोरा पुलिस ने कुत्तों की बॉडी पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाई।

# बंद घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी शादी में गए थे परिवार के लोग

## गुडम्बा थाना क्षेत्र के आदिलनगर वसुंधरा विहार की घटना

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । गुडम्बा थाना क्षेत्र में बंद पड़े मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये की नगदी और जेवरात पार कर दिए। घटना आदिलनगर वसुंधरा विहार की है, जहां परिवार शादी समारोह में शामिल होने गया था और इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक, मकान संख्या-20 के निवासी देवेंद्र सिंह अपने परिवार के साथ 8 फरवरी 2026 की शाम करीब 8 बजे रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गए थे। रात भर परिवार वहीं रुका रहा। अगली सुबह 9 फरवरी को करीब 7 बजे जब वे वापस लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा और कमरों के ताले टूटे मिले। पीड़ित परिवार के अनुसार, बहू की अलमारी से करीब 1.5 लाख रुपये नगद, सोने



> घर के अंदर घुसने पर लोहे की अलमारी और उसके लॉकर भी टूटे हुए थे तथा सामान बिखरा पड़ा था। परिवार को आशंका हुई कि घर में चोरी हो चुकी है, जिसके बाद तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी गई।

का गले का सेट, पांच जोड़ी कान के बुंदे, चार सोने की चेन, एक नथुनी, तीन सोने की अंगूठियां, चांदी की बिछिया और पायल चोरी हो गईं। वहीं पत्नी की अलमारी से 25 हजार रुपये नगद, दो सोने की अंगूठियां और दो सोने की चेन (करीब 250 ग्राम) भी चोर ले गए।

# ग्रामीण समस्याओं के समाधान पर जोर

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खजुरी में योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

कार्यक्रम

बृजेंद्र वीर सिंह





तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिले के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खजुरी ग्राम में आयोजित ग्राम चौपाल एवं स्वयं सहायता समूह कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने कहा कि ग्राम चौपाल ग्रामीण समस्याओं के समाधान का प्रभावी मंच है, जहां एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की मौजूदगी में शिकायतों का निस्तारण किया जा सकता है। निर्देश दिए गए कि प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल आयोजित की जाए और इसकी सूचना ग्रामीणों को डुगडुगी बजवाकर दी जाए।

कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में 3 करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सरकारी आवश्यकताओं की सामग्री की खरीद स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से की जाए, जिससे महिलाओं की आय बढ़े। जिले में 100 करोड़पति दीदी/समूह तैयार करने की दिशा में कार्य तेज करने को कहा गया। चकमर्ग, खलिहान, चारागाह और ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाने को कहा गया।

### पेंशन राशि 1500 रुपये, आवास चाबी वितरण

वृद्धा, दिव्यांग और निराश्रित महिला पेंशन को 1 अप्रैल से बढ़ाकर 1500 रुपये प्रतिमाह करने की घोषणा दोहराई गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाबियां वितरित की गईं तथा दिव्यांगजनों को चेक और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

अन्नप्राशन कार्यक्रम में बच्चों को अन्न ग्रहण कराया गया और आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित पोषाहार की जानकारी ली गई। कुपोषण मुक्त प्रदेश के लक्ष्य पर बल देते हुए लाभार्थियों से फीडबैक प्राप्त किया गया।

**बीसी सखियों के स्टॉल का अवलोकन करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल लेन-देन और बैंकिंग सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। कहा गया कि बीसी सखियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।**

### कलेक्ट्रेट में योजनाओं की समीक्षा बैठक

इसके बाद कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। सदस्य विधान परिषद डॉ. हरिओम पांडेय, विधायक धर्मराज निषाद, पूर्व सांसद रितेश पांडेय, जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 55 परियोजनाओं का पुनः सत्यापन कर हर घर तक पानी की पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नलकूप कनेक्शन के लंबित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण को कहा गया। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत अधिक किसानों को जोड़ने और राशन कार्ड लाभार्थियों का सत्यापन कर अपात्रों को बाहर करने के निर्देश भी दिए गए।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे से पहले पुलिस की कार्रवाई

# अंबेडकरनगर में आप जिलाध्यक्ष हाउस अरेस्ट

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आगमन से पूर्व आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। यह कार्रवाई उस समय की गई जब पार्टी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन की तैयारी कर रहे थे।

पार्टी कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के निकट स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर धरना देने की योजना बनाई थी। उनका प्रस्ताव था कि जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर किसानों और आम नागरिकों के हितों पर संभावित प्रभावों को लेकर चिंता व्यक्त की जाए।



आप जिलाध्यक्ष एडवोकेट बृजेश चौधरी के अनुसार, प्रस्तावित ट्रेड डील को लेकर देशभर में सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि समझौते की शर्तों, संभावित लाभार्थियों और दीर्घकालिक प्रभावों पर सार्वजनिक स्तर पर पर्याप्त जानकारी साझा नहीं की गई। पार्टी इस मुद्दे पर शांतिपूर्ण धरना देकर ज्ञापन सौंपना चाहती थी।

धरना कार्यक्रम से पहले ही पुलिस ने जिलाध्यक्ष को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। साथ ही कुछ अन्य कार्यकर्ताओं को भी घरों पर ही रोक दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद पार्टी की प्रस्तावित सभा नहीं हो सकी।

उप मुख्यमंत्री के दौरे को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। कलेक्ट्रेट और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई थी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से एहतियाती कदम उठाए गए। आप पदाधिकारियों ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों के विपरीत बताया है। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार है।

## फास्ट न्यूज

### डीडीयू स्टूडेंट्स के लिए अंतिम मौका

गोरखपुर । दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्वयं (SWAYAM) कोर्सेज में 100 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए एक बार फिर निर्देश जारी किए हैं।

कुलसचिव ने सभी फैकल्टी हेड, एचओडी और एफिलिएटेड कॉलेजों के प्रिंसिपल को पत्र भेज कर यह साफ किया गया है कि जिन विद्यार्थियों ने अब तक स्वयं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वे तत्काल रजिस्ट्रेशन करवाएं।

### यूपीएससी स्टूडेंट से 25 करोड़ का बैंक फ्रॉड

वाराणसी । वाराणसी के रहने वाले UPSC छात्र के अकाउंट से साइबर ठगों ने 25 करोड़ का लोन निकाल लिया। छात्र का ICICI बैंक में सेविंग अकाउंट का था। ठगों ने छात्र के पैन का दुरुपयोग करते हुए इस अकाउंट को करंट अकाउंट में करा दिया।

इसके बाद एक फर्जी फर्म दिखाकर 25 करोड़ का निगेटिव लियन (रिटर्न) ले लिया। निगेटिव लियन एक तरह का लोन होता है। जब छात्र ने ऑनलाइन पेमेंट किया तो पेमेंट नहीं हो सका। इसके बाद उसे फ्रॉड की जानकारी हुई।

UPSC छात्र अनुराग मिश्रा का कहना है- कि मैं लखनऊ में रहकर UPSC की तैयारी करता हूं।

### लड़की बोली-मर जाओ, वैलेंटाइन डे पर फंदे से लटका युवक

प्रयागराज। प्रयागराज में वैलेंटाइन डे के दिन 12वीं के छात्र का शव कमरे में लटका मिला। पिता ने बेटे के साथ कोचिंग करने वाली एक लड़की और उसके पांच दोस्तों पर ब्लैकमेलिंग और हत्या का आरोप लगाया है। लड़के कमरे से एक लेटर मिला है, जिसमें लिखा है- मैं तुमसे प्यार करती हूं, लेकिन अब मैं तुम्हारे साथ नहीं रह सकती। तुम मर जाओ मुझसे कोई मतलब नहीं।

# कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम की शुरूआत की

## कानून को मूल स्वरूप में लाने का संकल्प

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर । युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी ऋषेंद्र सिंह ने मनरेगा चौपाल में कहा कि कांग्रेस मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में वापस लाने तक संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने मनरेगा कानून में बदलाव करके गरीबों और श्रमिकों के साथ विश्वासघात किया है। ऋषेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस की जनहितकारी योजनाओं का नाम बदलकर मनरेगा को कमजोर कर रही है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के नेतृत्व में पूरे देश में मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू किया गया है और पार्टी इसे मजबूती से आगे बढ़ाएगी। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष शरद शुक्ला और पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि कानून में बदलाव दिखाता है कि भाजपा सरकार की गरीब और मजदूर विरोधी मानसिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस किसी भी कीमत पर इस बदलाव को बर्दाश्त नहीं करेगी। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अकबरपुर आदित्य नारायण तिवारी ने कहा कि मनरेगा कानून गरीबों और श्रमिकों के हित में बनाया गया है और इसे कमजोर करना सामाजिक अन्याय के समान है। ऋषेंद्र सिंह और शरद शुक्ला का जिला आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। पहले उन्होंने शिव बाबा धाम में पूजा-अर्चना की और फिर जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित किया।

## भेंट के दौरान विवेक मौर्य ने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक और सामुदायिक कार्यों की जानकारी दी

# विवेक मौर्य ने की भाजपा अध्यक्ष व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री से भेंट

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकरनगर। नारायण फाउंडेशन के संचालक और युवा भाजपा नेता विवेक मौर्य ने उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी से अहम भेंट की और विस्तार से परिचर्चा की। यह भेंट संगठन और प्रदेश के राजनीतिक गतिविधियों के संदर्भ में हुई।

पंकज चौधरी ने विवेक मौर्य की पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवा नेतृत्व का सक्रिय होना प्रदेश और देश के लिए हितकारी है। उन्होंने फाउंडेशन के प्रयासों को सकारात्मक बताया और कहा कि भाजपा संगठन और सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जनकल्याण के लिए अधिक प्रभावशाली कार्य कर सकती है। भेंट में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने सामाजिक परियोजनाओं में सरकार की नीतियों और योजनाओं के माध्यम से सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि युवा नेताओं की भागीदारी से विकास योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुँचाया जा सकता है।

भेंट के दौरान भाजपा संगठन में युवाओं की भागीदारी और भविष्य की रणनीतियों पर भी चर्चा हुई। विवेक मौर्य ने युवा नेताओं को संगठनात्मक दृष्टिकोण से मजबूत बनाने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान देने की योजना साझा की। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने संगठन में नेतृत्व विकास के लिए प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा नेताओं की सक्रिय भागीदारी से भाजपा का जनसंपर्क और सामाजिक प्रभाव मजबूत होता है। विवेक मौर्य ने कहा कि यह भेंट और परिचर्चा संगठन और समुदाय के लिए नई दिशा निर्धारित करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि केंद्रीय और प्रदेश स्तर पर मार्गदर्शन मिलने से अम्बेडकरनगर और आसपास के क्षेत्रों में विकास और जनकल्याण के कार्य और तेजी से होंगे।

### विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य परियोजनाओं पर विशेष ध्यान

परिचर्चा में अम्बेडकरनगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की स्थिति पर भी विचार विमर्श हुआ। विवेक मौर्य ने स्थानीय युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने के उपायों पर सुझाव दिए। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने इसे महत्वपूर्ण विषय बताया और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि युवा नेतृत्व का सक्रिय होना प्रशासनिक और सामाजिक कार्यों को गति प्रदान कर सकता है।

### संगठन और प्रदेश विकास पर हुई चर्चा

भेंट के दौरान विवेक मौर्य ने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक और सामुदायिक कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संगठन का उद्देश्य सामाजिक चेतना बढ़ाना, युवाओं में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और स्थानीय समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाना है। विवेक मौर्य ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री को बताया कि फाउंडेशन के माध्यम से अम्बेडकरनगर और आसपास के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने मंत्री से सुझाव और मार्गदर्शन मांगा ताकि फाउंडेशन और भाजपा के सहयोग से इन परियोजनाओं को और व्यापक स्तर पर लागू किया जा सके।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शैवाल के खिलाफ गंभीर आरोप उठाते हुए कार्रवाई की मांग

# सदन में गूंजा सीएमओ पर भ्रष्टाचार का आरोप

## कार्रवाई पर सरकार से जवाब तलब

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । मुख्य चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार का मामला अब विधानसभा परिषद तक पहुंच गया है। विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने सदन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार शैवाल के खिलाफ गंभीर आरोप उठाते हुए कार्रवाई की मांग की।

एमएलसी ने कहा कि सीडीओ की जांच आख्या में दोषी पाए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जांच में अनियमितताओं की पुष्टि हो चुकी है तो प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई में देरी क्यों की जा रही है। इस मुद्दे पर सदन में सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव ने महानिदेशक से विस्तृत आख्या मांगी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, संबंधित प्रकरण में सभी बिंदुओं की समीक्षा की जा रही है और उच्च स्तर पर रिपोर्ट का परीक्षण किया जाएगा। सदन में मामला उठने के बाद जिले और राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली और निगरानी तंत्र पर भी सवाल उठ रहे हैं।

> **सरकारी सूत्रों का कहना है कि प्राप्त आख्या के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। यदि जांच रिपोर्ट में लगाए गए आरोप पुष्ट होते हैं तो विभागीय नियमों के तहत आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।**

### जांच रिपोर्ट पर उठे सवाल

सदन में चर्चा के दौरान यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ जांच पूरी होने के बाद भी कार्रवाई लंबित है। एमएलसी ने कहा कि इससे प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि दोषी पाए जाने की स्थिति में नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सूत्रों के अनुसार, सीडीओ स्तर से की गई जांच में कुछ वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है। हालांकि, आधिकारिक स्तर पर विस्तृत रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। विपक्षी सदस्यों ने भी इस मामले में पारदर्शिता की आवश्यकता पर जोर दिया।

# निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए 23-24 फरवरी को पंजीकरण शिविर

आयोजन

## एनटीपीसी टांडा की पहल

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व (CSR) के अंतर्गत निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए पंजीकरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर गरिमा महिला मंडल के सहयोग से आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के जरूरतमंद मरीजों के लिए लगाया जाएगा।

पंजीकरण शिविर 23 और 24 फरवरी 2026 को आरोग्यम चिकित्सालय, एनटीपीसी टांडा परिसर में आयोजित होगा। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम मरीजों की आंखों की जांच करेगी और ऑपरेशन के लिए पात्र मरीजों का चयन किया जाएगा।

एनटीपीसी टांडा प्रबंधन ने आसपास के गांवों और कस्बों के लोगों से निर्धारित तिथियों पर शिविर में पहुंचकर पंजीकरण कराने की अपील की है। शिविर में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर पंजीकरण किया जाएगा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि मोतियाबिंद उम्र के साथ बढ़ने वाली सामान्य आंख की बीमारी है, जिसका समय पर ऑपरेशन कराना आवश्यक होता है। आयोजकों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना है, ताकि दृष्टि संबंधी समस्याओं से राहत मिल सके।

### 25 से 27 फरवरी तक होंगे ऑपरेशन

शिविर में चयनित मरीजों का निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन 25 से 27 फरवरी 2026 के बीच महामाया मेडिकल कॉलेज, अंबेडकरनगर में कराया जाएगा। ऑपरेशन के दौरान जांच, शल्यक्रिया और आवश्यक परामर्श की पूरी व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

# जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। बदलते मौसम के साथ जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। शनिवार सुबह ओपीडी खुलते ही बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच गए। पर्चा काउंटर, डॉक्टर कक्ष और दवा वितरण केंद्र पर लंबी कतारें लग गईं। अस्पताल परिसर में सुबह से ही भीड़ का दबाव बना रहा। ओपीडी में मुख्य रूप से सर्दी-जुकाम, बुखार और पेट संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। मौसम में उतार-चढ़ाव और तापमान में बदलाव को इन बीमारियों के बढ़ने का कारण माना जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार वायरल संक्रमण और मौसमी बुखार के मामलों में तेजी आई है। बच्चों और बुजुर्गों की संख्या भी अधिक देखी जा रही है। सुबह रजिस्ट्रेशन शुरू होते ही पर्चा बनवाने के लिए मरीजों की लंबी कतार लग गई। कई मरीजों को पर्चा बनवाने में समय लगा। इसके बाद डॉक्टरों के चैंबर के बाहर भी भीड़ बढ़ती गई। जांच के बाद दवा लेने के लिए दवा काउंटर पर भी प्रतीक्षा करनी पड़ी। भीड़ अधिक होने के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच फिजिशियन डॉक्टरों की कमी भी सामने आई। शनिवार को दो फिजिशियन अवकाश पर थे, जबकि एक चिकित्सक की ड्यूटी वीआईपी कार्यक्रम में लगी थी।

**बदलते मौसम के बीच सर्दी-जुकाम, बुखार और पेट रोगियों की संख्या बढ़ी**

## वृद्धि : बदलते मौसम के बीच सर्दी-जुकाम, बुखार और पेट रोगियों की संख्या बढ़ी

# जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। बदलते मौसम के साथ जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। शनिवार सुबह ओपीडी खुलते ही बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल पहुंच गए। पर्चा काउंटर, डॉक्टर कक्ष और दवा वितरण केंद्र पर लंबी कतारें लग गईं। अस्पताल परिसर में सुबह से ही भीड़ का दबाव बना रहा।

ओपीडी में मुख्य रूप से सर्दी-जुकाम, बुखार और पेट संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। मौसम में उतार-चढ़ाव और तापमान में बदलाव को इन बीमारियों के बढ़ने का कारण माना जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार वायरल संक्रमण और मौसमी बुखार के मामलों में तेजी आई है। बच्चों और बुजुर्गों की संख्या भी अधिक देखी जा रही है।

मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच फिजिशियन डॉक्टरों की कमी भी सामने आई। शनिवार को दो फिजिशियन अवकाश पर थे, जबकि एक चिकित्सक की ड्यूटी वीआईपी कार्यक्रम में लगी थी। ऐसे में ओपीडी में फिजिशियन की जिम्मेदारी एक ही डॉक्टर पर आ गई।

### पर्चा काउंटर से दवा केंद्र तक लंबी लाइनें

सुबह रजिस्ट्रेशन शुरू होते ही पर्चा बनवाने के लिए मरीजों की लंबी कतार लग गई। कई मरीजों को पर्चा बनवाने में समय लगा। इसके बाद डॉक्टरों के चैंबर के बाहर भी भीड़ बढ़ती गई। जांच के बाद दवा लेने के लिए दवा काउंटर पर भी प्रतीक्षा करनी पड़ी। भीड़ अधिक होने के कारण मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

> **अस्पताल सूत्रों के अनुसार, बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त डॉक्टरों की तैनाती और ओपीडी व्यवस्था को सुचारु रखने पर विचार किया जा रहा है।**

डॉ. योगेश वर्मा अकेले ही मरीजों की जांच कर रहे थे। उनके कक्ष के बाहर मरीजों की लंबी कतार लगी रही। लगातार मरीज देखने के कारण कार्यभार बढ़ गया। अस्पताल प्रशासन के लिए यह स्थिति प्रबंधन की चुनौती बन गई है।

# अकबरपुर ब्लॉक परिसर में गंदगी का अंबार

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जनपद मुख्यालय स्थित अकबरपुर ब्लॉक परिसर में स्वच्छता व्यवस्था ध्वस्त नजर आ रही है। परिसर में जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा है और नालियों में गंदगी भरी हुई है। खंड विकास अधिकारी आवास के बगल से ही दुर्गंध उठ रही है, जिससे वहां आने-जाने वाले कर्मचारी और ग्रामीण परेशान हैं।

ब्लॉक परिसर में बना सार्वजनिक शौचालय अधिकांश समय बंद रहता है। शौचालय के मुख्य द्वार पर ताला लटका रहता है, जिससे लोगों को खुले में शौच के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शौचालय पर कोई सूचना बोर्ड या दिशा-निर्देश न होने के कारण लोग दीवारों के किनारे गंदगी कर रहे हैं। इससे परिसर में बदबू और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। सरकार की ओर से स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन मुख्यालय स्तर पर ही लापरवाही साफ दिखाई दे रही है। ब्लॉक परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण विभिन्न योजनाओं के कार्य से पहुंचते हैं। गंदगी और दुर्गंध के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित सफाई और शौचालय को संचालित किया जाए तो समस्या का समाधान हो सकता है। फिलहाल परिसर की स्थिति जनपद मुख्यालय की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रही है।

**सार्वजनिक शौचालय पर ताला, दुर्गंध से परेशान कर्मचारी और ग्रामीण**

# सम्पादकीय

## बांग्लादेश में बदलाव



लंबे समय तक अस्थिरता-अराजकता से जूझते रहे बांग्लादेश के चुनाव परिणाम इस देश को स्थिरता प्रदान करते दिख रहे हैं। इसका कारण यह है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी सरकार बनाने के लिए आवश्यक सीटों से कहीं अधिक सीटें जीतने में सफल रही और उसके नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया।

बांग्लादेश के चुनाव आम तौर पर शांतिपूर्ण रहे, लेकिन उन्हें निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को प्रतिबंधित कर चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। तथ्य यह भी है कि मुख्य विपक्षी दल के रूप उभरी जमात-ए-इस्लामी चुनाव नतीजों को स्वीकार करने में आनाकानी करती दिख रही है। बांग्लादेश में हमेशा चुनावों की निष्पक्षता को लेकर सवाल उठते रहे हैं।

चूंकि कट्टरपंथी और पाकिस्तानपरस्त जमात-ए-इस्लामी परास्त हो गई, इसलिए भारत राहत की सांस ले सकता है, लेकिन यह ध्यान रहे कि उसे उम्मीद से कहीं अधिक सीटें मिलीं। जमात-ए-इस्लामी के साथ मिलकर चुनाव लड़ी छात्रों की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी को कोई खास सफलता न मिलना भी भारत के लिए राहतकारी है।

इन्हीं छात्रों ने जुलाई 2024 में शेख हसीना सरकार के खिलाफ आंदोलन छेड़ा था, जिसके नतीजे में उन्हें भारत में शरण लेनी पड़ी थी। भारत विरोधी तेवर अपनाए नेशनल सिटीजन पार्टी का हश्र यही बताता है कि उसका आंदोलन न तो किसी क्रांति का परिचायक था और न ही किसी सकारात्मक बदलाव का।


चूंकि बांग्लादेश में चुनाव के साथ संवैधानिक बदलावों पर जनमत संग्रह भी हुआ, इसलिए वहां नई सरकार के गठन के साथ ही राजनीतिक ढांचे में परिवर्तन होना तय है। यह स्वाभाविक है कि बांग्लादेश की नई सरकार के रवैये पर भारत की गहरी निगाह होगी।

भारत को न केवल यह देखना होगा कि बांग्लादेश की नई सरकार उसके हितों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय देती है या नहीं, बल्कि यह भी कि वह कट्टरपंथियों समेत अन्य भारत विरोधी तत्वों पर लगाम लगाती है या नहीं? भारत को यह तो खास तौर पर देखना होगा कि इस पड़ोसी देश में हिंदुओं का दमन रुकता है या नहीं? बांग्लादेश की नई सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि उसके यहां पूर्वोत्तर भारत के विद्रोही गुटों को शरण न मिले।

भारत की चिंता का विषय यह भी रहा है कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार के समय बांग्लादेश की पाकिस्तान से निकटता अप्रत्याशित तरीके से बढ़ी। यदि यह निकटता कम नहीं हुई तो भारत के साथ खुद बांग्लादेश के लिए खतरा बढ़ेगा। बांग्लादेश को यह भूलना नहीं चाहिए कि उसे पाकिस्तान की बर्बरता से मुक्ति और आजादी भारत के सहयोग से ही मिली थी।

# लोकतंत्र की जीत के निहितार्थ

## भारत बांग्लादेश संबंध के नवीकरण का वक्त



बांग्लादेश का ताज़ा चुनाव कोई सामान्य सत्ता-परिवर्तन नहीं बल्कि एक पूरे राजनीतिक युग के अंत और नए शक्ति-संतुलन की शुरुआत समझ जाना चाहिए। यह चुनाव केवल संसद की सीटों का गणित नहीं है बल्कि उस सामाजिक-राजनीतिक बेचैनी की परिणति है जो वर्षों से सड़कों, विश्वविद्यालयों, श्रमिक बस्तियों और सीमावर्ती इलाकों में सुलग रही थी।

बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर के रूप में मोहम्मद यूनुस और कुछ खास कर पाए हों या नहीं लेकिन एक काम तो उन्होंने कर ही दिया है कि बांग्लादेश को राजनीतिक उहापोह की स्थिति से निकालकर स्पष्ट जनादेश दिलवा दिया है। 12 फरवरी को हुए चुनावों के नतीजे सामने हैं और बांग्लादेश की जनता ने परिपक्व तरीके से न केवल चुनाव में भारी संख्या में मतदान किया अपितु अपने देश को कट्टरपंथी राजनीतिक विचारधारा के हाथों में जाने से भी बचा लिया है।बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने स्वर्गीय खालिदा जिया और जियाउर रहमान के बेटे 60 वर्षीय तारिक रहमान के नेतृत्व में 299 में से 213 सीट जीतकर वहां लगभग दो तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया है जबकि उसके प्रतिद्वंद्वी जमात ए इस्लामी को 74 सीट ही मिलीं हैं। आश्चर्यजनक रूप से छात्र आंदोलन के चेहरे बनाकर शेख हसीना को सत्ता से बाहर करने वाले नाहिद इस्लाम की पार्टी एनसीपी को केवल दो सीट ही मिल पाई हैं और इसकी मुख्य वजह यही दिखती है कि उनका जमात ए इस्लामी के साथ गठबंधन का रणनीतिक निर्णय ग़लत रहा।

इस जनादेश ने साफ संकेत दिया है कि देश अब पुराने ढर्रे की राजनीति से आगे निकलना चाहता है लेकिन यह रास्ता लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर जाएगा या नए असंतुलन की ओर, यह अभी भी एक अनुत्तरित ज्वलंत सवाल है। आंकड़ों की बात करें तो तस्वीर साफ है। संसद में स्पष्ट बहुमत एक ही राजनीतिक धारा के पक्ष में गया है। कुल सीटों का बड़ा हिस्सा एक ही बीएनपी के खाते में गया, जबकि विपक्षी ताकतें सीमित, बिखरी हुई और वैचारिक रूप से खंडित दिखाई देती हैं। मतदान प्रतिशत अपेक्षाकृत ऊँचा रहा, जो यह संकेत देता है कि जनता ने चुनाव को महज़ औपचारिकता नहीं माना बल्कि उसे सत्ता-परिवर्तन का माध्यम समझा।

हालांकि यह भी सच है कि अवामी लीग की अनुपस्थिति से चुनावी मुकाबला असंतुलित रहा लेकिन इसके बावजूद जनमत का संदेश दो-टूक है। पुरानी सत्ता संरचना से मोहभंग और नए विकल्प की तलाश। यह जनादेश मूलतः तीन संदेश देता है। पहला, जनता सत्ता के केंद्रीकरण से ऊब चुकी थी। दूसरा, आर्थिक असमानता, बेरोज़गारी और संस्थागत भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा निर्णायक रूप में वोट में बदला। तीसरा, राजनीति में नैरेटिव बदला है, अब सिर्फ 'स्थिरता' नहीं, बल्कि 'न्याय और समान अवसर' की भाषा असर कर रही है। यही कारण है कि यह चुनाव भावनात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक बदलाव का संकेत देता है। ऐसा नहीं लगता कि तारिक रहमान के नेतृत्व में आने वाली सरकार सहजता से शासन कर पाएगी शपथ लेने के साथ ही उनकी असली चुनौती शुरू होती है। नया नेतृत्व जितना शक्तिशाली जनादेश लेकर आया है, उतनी ही बड़ी उसकी ज़िम्मेदारी है। लोकतंत्र में बहुमत ताकत नहीं, उत्तरदायित्व होता है। यदि यह सरकार संस्थाओं को मजबूत करती है, विपक्षी आवाज़ों को सम्मान देती है और चुनावी जीत को 'सहमति की राजनीति' में बदलती है, तो बांग्लादेश एक नई लोकतांत्रिक स्थिरता की ओर बढ़ सकता है लेकिन यदि बहुमत 'वर्चस्व' में बदल गया, या फिर शेख हसीना की सरकार की तरह शक्तियों का केंद्रीकरण किया जाने लगा तो वही चक्र दोहराया जाएगा, जिससे बांग्लादेश बाहर निकला है। बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक मोर्चे की तस्वीर उतनी चमकदार नहीं है, जितनी राजनीतिक मंच से दिखाई जाती है। विकास दर के दावों के बावजूद ज़मीनी सच्चाई बेरोज़गारी, महँगाई, विदेशी मुद्रा दबाव और असमान विकास की है। शहरी केंद्रों में समृद्धि का भ्रम है, लेकिन ग्रामीण और सीमावर्ती इलाकों में आर्थिक हाशियाकरण अब भी गहरा है। नया शासन अगर सिर्फ मैक्रो-इकोनॉमिक आँकड़ों में उलझा रहा और रोजगार-केंद्रित विकास मॉडल नहीं अपनाया, तो सामाजिक असंतोष जल्द ही राजनीतिक संकट में बदल सकता है। रही बात भारत-बांग्लादेश संबंधों की तो पिछले दशक में यह रिश्ता 'रणनीतिक साझेदारी' से 'रणनीतिक निर्भरता' की ओर बढ़ा था। ऊर्जा, ट्रांज़िट, व्यापार, सीमा-सुरक्षा के स्तर पर भारत की भूमिका निर्णायक रही लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही इस रिश्ते की भाषा बदलेगी। हो सकता है कि नया शासन भारत को सहयोगी तो माने, लेकिन एकमात्र रणनीतिक विकल्प नहीं। यह फर्क सूक्ष्म है पर निर्णायक। भारत अब 'स्वाभाविक साथी' रहेगा पर 'विशेषाधिकार प्राप्त साझेदार' की उसकी भूमिका बदलती दिखाई दे रही है। यह बदलाव सीधे दक्षिण एशिया की जियो-पॉलिटिक्स को प्रभावित करेगा। बांग्लादेश का झुकाव बहु-ध्रुवीय विदेश नीति की ओर होगा,जहाँ भारत, चीन, खाड़ी देश, दक्षिण-पूर्व एशिया सभी समानांतर विकल्प होंगे। इसका अर्थ है कि भारत का क्षेत्रीय वर्चस्व नैरेटिव कमजोर हो सकता है और प्रतिस्पर्धात्मक कूटनीति का युग शुरू होने जा रहा है। यह केवल कूटनीतिक नहीं बल्कि भू-आर्थिक प्रतिस्पर्धा भी होगी—बंदरगाह, लॉजिस्टिक्स, निवेश और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर पर। दक्षिण एशिया की राजनीति में इस चुनाव परिणाम का व्यापक असर पड़ेगा। नेपाल, श्रीलंका और मालदीव जैसे देशों में पहले से ही संतुलन-नीति चल रही है। अब बांग्लादेश का जुड़ना इस क्षेत्र को एक ऐसे मोड़ पर ले जाएगा, जहाँ भारत को नेतृत्व 'स्वाभाविक' नहीं, बल्कि 'अर्जित' करना होगा। यानी सहयोग विश्वास से बनेगा, दबाव से नहीं। भारत के लिए यह क्षण आत्ममंथन का है। पड़ोस-नीति को सुरक्षा-केंद्रित चश्मे से देखने का समय अब खत्म हो रहा है। भारत को बांग्लादेश को "रणनीतिक फ्रंटलाइन" नहीं, बल्कि "समान साझेदार" के रूप में देखना होगा। भारत को अब शेख हसीना के समय में उपजे व्यक्तिवाद के समर्थन की रणनीति के बजाय कूटनीति का लोकतंत्रीकरण कर, आगे बढ़कर संबंधों का नवीकरण करना होगा । शिक्षा, संस्कृति, युवा, मीडिया और नागरिक संवाद के स्तर पर निवेश बढ़ाना होगा। आर्थिक सहयोग का नया मॉडल,सिर्फ परियोजनाएँ नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार-केंद्रित निवेश बनाना होगा और भाषा में संयम लाना पड़ेगा । भारत एवं बांग्लादेश दोनों देशों की सरकारों को समझना होगा कि हर मुद्दे को सुरक्षा समस्या बनाना रिश्तों को खोखला करता है। बहु-पक्षीय मंचों पर सक्रियता बिम्सटेक, क्षेत्रीय व्यापार मंचों और समुद्री सहयोग ढाँचों में नेतृत्व संभालना है तो व्यावहारिक बना होगा और नई सरकार को समर्थन देते हुए शेख हसीना के मुद्दे को भी सुलझाना होगा।

- डॉ घनश्याम बादल

## महाशिवरात्रि : आध्यात्मिक उत्कर्ष का पावन पर्व

धर्म धुरी पुण्यभूमि भारत व्रत, पर्व, उपवास एवं आध्यात्मिक साधना का क्षेत्र है। यहां हर दिन कोई न कोई त्योहार एवं उत्सव का आयोजन है। उत्सवधर्मी समाज जीवंतता का प्रतीक होता है और सुख, समृद्धि एवं सम्पन्नता का भी। प्राचीन काल से ही भारत का लोकजीवन भौतिकता एवं आध्यामिकता के सबल पंखों के सहारे न केवल दैनंदिन जीवन में विकास एवं विस्तार को गति दी अपितु उन्नति के शिखरों को स्पर्श भी किया; वहीं तप, त्याग, परोपकार एवं आध्यात्मिक जीवन के पथ पर बढ़ते हुए आम जन को लोक कल्याण के सूत्र सौंपे। भारतीय सनातन परम्परा में व्रत, उपवास एवं त्योहार आत्मिक चेतना के सम्बोध, गहन साधना, जीवन की निर्मलता, शारीरिक शुद्धता एवं पवित्रता का माध्यम रहे हैं। सनातन हिंदू मान्यता में मानव जीवन का लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति है। उपासना, जप-तप एवं व्रत तथा साधना एवं जागरण के द्वारा साधक मुक्ति पथ पर अग्रसर होता है। महाशिवरात्रि व्रत एवं साधना व्यक्तिगत आध्यात्मिक उत्कर्ष एवं मोक्ष प्राप्ति का पावन अवसर तो है ही, साथ ही जागतिक कल्याण की भावना का सबलीकरण भी है क्योंकि शिव कल्याण करने वाले हैं। शिवत्व वैश्विक कल्याण की जाग्रत भावना है, महाशिवरात्रि में साधक शिवत्व प्राप्त कर जीवन में स्थिरता एवं गम्भीरता की कामना करते हैं। 'शिवो भूत्वा, शिवम् यजेत्' अनुसार साधक भगवान शिव की आराधना हेतु शिव की कल्याणकारी भावना से ओत-प्रोत हो भक्ति में लीन होते हैं।

महाशिवरात्रि उत्सव फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी-चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। दिन में शिवलिंग का पूजन एवं अभिषेक आदि तथा रात्रि में कीर्तन एवं ध्यान-साधना तथा जागरण के द्वारा शिव आराधना कर आध्यात्मिक दृष्टि से स्वयं को उज्ज्वल, निर्मल मन कर शिवमय हो जाते हैं।

प्रमोद दीक्षित मलय

## प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति दोगुनी...

गजेंद्र सिंह

# 'युगों से शोषक' के सामूहिक अपराध-बोध पर टिकी राजनीति

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग समता कानून 2026 पर सर्वोच्च न्यायालय की रोक के बाद, भारत में सामाजिक न्याय और समानता से जुड़ी नीतियाँ एक बार फिर गहन सार्वजनिक विमर्श के केंद्र में हैं। बजट घोषणाओं, प्रवेश नीतियों, छात्रवृत्तियों, कर-छूट, रोजगार योजनाओं और प्रतिनिधित्व के आँकड़ों तक—हर स्तर पर "समता" की व्याख्या पर सवाल उठ रहे हैं। इसी बीच सरकारी स्कूल के एक शिक्षक का बच्चों को गलत अंग्रेज़ी पढ़ाते हुए वायरल वीडियो शिक्षा की बुनियादी गुणवत्ता पर चिंता बढ़ाता है तो स्नातकोत्तर मेडिकल प्रवेश में कट-ऑफ को ऋणात्मक स्तर तक ले जाने के बाद मेरिट, गुणवत्ता और नवाचार-आधारित भारत की अवधारणा पर बहस तेज़ हो जाती है। अब इस बहस में संविधान के अनुच्छेद 15(5) के तहत निजी संस्थानों में आरक्षण का प्रश्न भी पूरी तीव्रता के साथ जुड़ गया है । मूल सवाल यही है—क्या वर्तमान नीतियाँ वास्तव में असमानता कम कर रही हैं या वे नई असमानताओं को संस्थागत रूप दे रही हैं?

इस संदर्भ में बजट 2026–27 एक निर्णायक उदाहरण बनकर सामने आता है। पीआरएस इंडिया के विश्लेषण के अनुसार अनुसूचित जातियों के लिए 1.96 लाख करोड़, अनुसूचित जनजातियों के लिए 1.41




लाख करोड़ और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए 32,000 करोड़ का प्रावधान सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन के आधार पर किया गया है। इसके समानांतर, अल्पसंख्यकों के लिए 3,400 करोड़ का पृथक आवंटन किया गया है, जिसमें वक्फ हेतु ब्याज-मुक्त ऋण और लगभग 300 योजनाएँ शामिल हैं जिनका लाभ विशेष धार्मिक समुदाय तक सीमित रहेगा. पिछले वर्ष यह आवंटन 5,200 करोड़ था । यह भी उल्लेखनीय है कि बजट में अनेक कल्याणकारी योजनाओं को अनुपातिक रूप से अपेक्षाकृत कम धनराशि आवंटित की गई है जबकि इन योजनाओं का प्रभाव जाति, धर्म या पहचान से परे होकर पूरे समाज की उत्पादक क्षमता पर पड़ता है। उदाहरण के तौर पर जल जीवन मिशन 67,670 करोड़, पीएम-किसान 63,500 करोड़, प्रधानमंत्री आवास 76,917 करोड़, समग्र शिक्षा 42,100 करोड़ और स्वास्थ्य मिशन 39,390 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 23,100 करोड़, पीएम सूर्य घर 22,000 करोड़, पीएम विकसित भारत रोजगार 20,083 करोड़, भारतनेट 20,000 करोड़ तथा अनुसंधान, विकास एवं नवाचार को भी केवल 20,000 करोड़ ही दिए गए हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी नीतिगत हस्तक्षेपों का स्वर लगातार विस्तृत होता गया है। जनवरी 2026 में बिहार सरकार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, आयुर्विज्ञान संस्थान, फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान और चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान जैसे प्रमुख संस्थानों में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों की पूरी फीस राज्य द्वारा वहन करने की घोषणा की। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति दोगुनी और आईटीआई, डिप्लोमा व पेशेवर पाठ्यक्रमों के लिए सहायता बढ़ाई गई। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में अनुसूचित जाति,जनजाति के लिए आरक्षण पहले से लागू था, जिसे वर्ष 2021–22 बढाकर पिछड़ा वर्ग के लिए भी लागू किया गया । इसके समानांतर, जामिया मिलिया इस्लामिया की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग -वित्तपोषित रेज़िडेंशियल कोचिंग अकादमी में संघ लोक सेवा आयोग तैयारी के लिए अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति जनजाति और महिला पात्र हैं लेकिन सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग पुरुष नहीं—जो अवसर की समानता पर एक बुनियादी प्रश्न खड़ा करता है।

रोजगार और उद्यमिता की नीतियाँ भी इसी ढाँचे में विकसित होती दिखती हैं। मध्य प्रदेश की रोजगार नियोजन योजना 2025 के तहत हर वर्ष 600 अन्य पिछड़ा वर्ग युवाओं को जापान सहित अन्य देशों में प्रशिक्षण और रोजगार के लिए भेजा जा रहा है । साथ ही, शौर्य संकल्प योजना के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 5,000 छात्रों को प्रति वर्ष संभाग मुख्यालयों पर निःशुल्क अर्धसैनिक बल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रदेश में अनुसूचित जाति , जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को 11वीं से लेकर पीएचडी तक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है।

## इसी कड़ी...

कमलेश पांडेय

# आखिर सेवा तीर्थ से उपजते सियासी सवालों के जवाब कब तक मिलेंगे?

कहते हैं कि शब्द ब्रह्म है और हर शब्द अपने मंत्रमय भावमय अस्तित्व से आकार ग्रहण करते हुए देर-सबेर साकार होता है। इस दृष्टिकोण से दूरद्रष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नाम परिवर्तन' द्वारा जनमानस की सोच में बदलाव की जो मुहिम चलाई है, वह सुसंस्कृत भारत के निमित्त 'नाम/विचार परिवर्तन यात्रा' अनवरत रूप से जारी है।

इसी कड़ी में हमारा 'गवर्नमेंट ऑफ भारत' अपने 'लोककल्याण मार्ग' (सेवन रेस कोर्स) व 'कर्तव्य पथ' (राजपथ) होते हुए अब 'सेवा तीर्थ' (पीएमओ) तक के अपने वैचारिक सफर को पूरा कर चुका है।

पहले नया संसद भवन और अब कर्तव्य भवन 1 और 2 इसकी बानगी भर हैं जबकि अन्य बदलाव भी प्रक्रियाधीन हैं और नाम-भवन परिवर्तन द्वारा, भाव परिवर्तन यात्रा गतिमान है। वास्तव में, यह नया बदलाव नया भारत यानी गवर्नमेंट ऑफ भारत (गवर्नमेंट ऑफ इंडिया) के मार्फ़त लिए हुए फैसलों में सिर्फ 'मिल का पत्थर' भर है, और विगत लगभग एक दशक में हमलोग ऐसे ही कुछेक महत्वपूर्ण मिल के पत्थरों को पार करते हुए इस अहम मुकाम तक चुके हैं। देखा जाए तो अमृत भारत और विकसित भारत के दृष्टिगत ये नाम, विचार व भवन बदलाव यात्रा गतिमान है, जिसके नीति आयोग (योजना आयोग) जैसे अहम सियासी व प्रशासनिक मायने हैं। लिहाजा, विपक्ष इस आधुनातन सोच-समझ की आलोचना अपने तरीके से कर रहा है, लेकिन यहां हम मीडिया यानी चौथे स्तम्भ के नाते इस अहम निर्णय से जुड़े जनपक्ष को लेकर कुछ सवाल उठाएंगे और जवाब भी मिले, इसकी प्रतीक्षा करेंगे।

यह ठीक है कि प्रधानमंत्री कार्यालय का पता औपनिवेशिक दौर की साउथ ब्लॉक इमारत से बदलकर अब सेवा तीर्थ परिसर हो गया है। प्रधानमंत्री ने अपने नए ऑफिस से महिलाओं, किसानों और युवाओं से जुड़े कई अहम फैसले भी लिए। इससे मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि, ₹सेवा परमो धर्म की भावना ही नए सेवा तीर्थ परिसर की आत्मा है। यह केवल भवन नहीं, बल्कि सेवा और समर्पण के संकल्प का प्रतीक है। आज का संकल्प और परिश्रम ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा। चूंकि शासन का केंद्र अब नागरिक हैं। इस भवन में लिया गया हर निर्णय 140 करोड़ देशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से होना चाहिए। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो टूक कहा कि ₹आजादी के बाद नार्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक जैसी इमारतों से देश के लिए नीतियां बनीं, कई निर्णय हुए। यह भी सच है कि ये पुरानी इमारतें ब्रिटिश हुकूमत का, गुलामी का प्रतीक थी। गुलामी की इस मानसिकता से बाहर निकलना जरूरी था। साल 2014 में देश ने यह तय किया कि गुलामी की मानसिकता और नहीं चलेगी। हमारे इन फैसलों के पीछे हमारी सेवा भावना है।

यदि उनके नजरिए से देखा जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ जैसे लोकतांत्रिक तीर्थ के उद्घाटन के मौके पर यह कहकर बौद्धिक हलचल मचा दी है कि ₹पुरानी इमारतें ब्रिटिश हुकूमत का, गुलामी का प्रतीक थी।

## जरा हटके

## बांग्लादेश का...

ललित गर्ग

# बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन की वैचारिक क्रांति

बांग्लादेश की राजनीति एक बार फिर इतिहास के मोड़ पर खड़ी है। लगभग दो दशकों के लंबे अंतराल के बाद यदि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में लौटती है और तारिक रहमान प्रधानमंत्री पद की दावेदारी तक पहुंचते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक दिशा परिवर्तन का संकेत होगा। 299 सीटों में से 212 पर विजय का दावा इस बात का प्रमाण है कि मतदाता लंबे समय से चली आ रही अस्थिरता, अंतरिम व्यवस्थाओं और वैचारिक ध्रुवीकरण से बाहर निकलकर एक निर्णायक जनादेश देना चाहता है। छात्र आंदोलन से उपजी नेशनल सिटीजन पार्टी का मात्र छह सीटों पर सिमटना भी इस तथ्य को पुष्ट करता है कि जनभावना प्रयोगधर्मिता से आगे बढ़कर स्थायित्व की ओर झुक रही है। लगभग अठारह महीने से चल रही अंतरिम व्यवस्था के अवसान के साथ बांग्लादेश एक नए अध्याय में प्रवेश करने जा रहा है, पर प्रश्न यह है कि यह अध्याय उदार लोकतंत्र का होगा या किसी नए प्रकार के वैचारिक वर्चस्व का?

बांग्लादेश का इतिहास संघर्ष, त्याग और पहचान की जिजीविषा से निर्मित हुआ है। 1971 के मुक्ति संग्राम में भारत की निर्णायक भूमिका केवल सैन्य सहायता तक सीमित नहीं थी, वह सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग



का भी प्रतीक थी। परंतु पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक धुरवीकरण, कट्टरवादी विमर्श और बाहरी प्रभावों ने उस ऐतिहासिक आत्मीयता पर धुंध डालने का प्रयास किया। अंतरिम सरकार के दौरान जिस प्रकार वैचारिक कठोरता और प्रशासनिक असमंजस दिखा, उसने अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने दोनों को प्रभावित किया। ऐसे समय में स्पष्ट जनादेश को स्थिरता का अवसर माना जा सकता है, बशर्ते सत्ता इसे प्रतिशोध का माध्यम न बनाए, बल्कि पुनर्निर्माण का औजार बनाए।

तारिक रहमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती सांप्रदायिक सौहार्द की पुनस्र्थापना होगी। बांग्लादेश का सामाजिक ढांचा बहुलतावादी है, वहां अल्पसंख्यक समुदायों की सुरक्षा और सम्मान केवल नैतिक दायित्व नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विश्वसनीयता की कसौटी है। यदि नई सरकार कट्टरवाद से दूरी बनाकर विकासोन्मुखी एजेंडा अपनाती है, तो वह न केवल आंतरिक स्थिरता ला सकती है, बल्कि दक्षिण एशिया में एक सकारात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत कर सकती है। पर यदि चुनावी विजय को वैचारिक वर्चस्व के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो यह जनादेश अवसर से अधिक संकट में बदल सकता है। आर्थिक मोर्चे पर बांग्लादेश ने पिछले दशक में उल्लेखनीय प्रगति की थी। वस्त्र उद्योग, निर्यात वृद्धि और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में उसने मिसाल कायम की। किंतु राजनीतिक अस्थिरता और नीतिगत अनिश्चितता ने निवेशकों के विश्वास को झटका दिया। अब नई सरकार के लिए यह अनिवार्य है कि वह आर्थिक सुधारों को गति दे, रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करे और विदेशी निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बनाए। विकास की "नई गंगा" तभी बहेगी जब शासन पारदर्शी, जवाबदेह और समावेशी होगा। केवल नारे या राष्ट्रवाद की तीखी ध्वनियां आर्थिक संकट का समाधान नहीं बन सकतीं। भारत-बांग्लादेश संबंध इस चुनाव के सबसे महत्वपूर्ण आयामों में से एक हैं। दोनों देशों के बीच साझा इतिहास, सांस्कृतिक निकटता और आर्थिक परस्परता है।

# प्रेम पंथ

विज्ञान की अदभुत देन असम्भव काम को सम्भव बनाना हैं तो क्यों प्रेम पंथ पर चलना मुश्किल हैं ? मानव का स्वाभाविक स्वभाव ही प्रेम है । प्रेम की फुहार वह चीज है जो इन्सान को मुरझाने नहीं देती हैं । जीवन का एक शाश्वत नियम है कि घृणा से घृणा कभी नहीं मिटती हैं । घृणा तो प्रेम से ही मिटती है । सच्चे प्रेम में अद्भुत,अदृश्य शक्ति है न कि केवल भावनाओं की भक्ति हैं । प्रेम की डोर बहुत नाजुक होती है । वह इतनी मजबूत होती है कि सही से भगवान को भी बाँध सकती हैं । प्रेम की यह अदृश्य शक्ति हमारे बिना जाने ही जीवन में माधुर्य भर देती हैं । वह जीवन को सौन्दर्यमय कर देती हैं । इसीलिए सच्चे प्रेम को विधाता की अनुपम कृति कहा जाता है । प्रेम आनन्द हैं , सुख व शान्ति हैं , संजीवनी बुटी हैं वह स्वर्ग का द्वार आदि - आदि हैं । प्रेम की धुरी है कि सबकी आत्मा एक है। यह जीवन का बहुत बड़ा विवेक हैं । वह तब अपना परायापन समाप्त हो स्वतः परस्पर प्रेम व्याप्त हो जाता है। हमें दूसरों के सुख-दुःख एकदम अपने लगने लगते हैं। वो-वह-वे पराये हैं सपने हो जाते हैं। पवित्र प्रेम से भरे जीवन की हर स्थिति आनन्दमय हो जाती हैं । सच्चा प्रेम निःस्वार्थ होता है । वह लेने की भावना रहित अधिकाधिक देने ही देने की भावना सहित होता हैं । प्रेम ही सत्य हैं । प्रेम ही शाश्वत है। ढाई अक्षर प्रेम का जीवन की भागवत बन जाते हैं। प्रेम दुःख की अचूक दवाई है । मदर टेरेसा के स्नेहिल स्पर्श से न जाने कितने पीड़ित, मानसिक रूप से टूट चुके इन्सानों आदि ने जीवन शक्ति पाई। दुनिया का रंग कुछ और ही हो जाए यदि सबका मन पवित्र निःस्वार्थ प्रेम के रंग में रंग जाए । प्रेम की स्नेहिल नींव पर ही माँ व शिशु का आत्मिक संबंध टिका है । चाहे पति पत्नी का संबंध हो ।वास्तव में मानव वही है जिसके हृदय में समस्त सृष्टि से प्रेम का स्वाभाविक अनुबंध है । किसी कवि की ये पंक्तियाँ कितनी सार्थक हैं कि प्रेम बीज जो पड़े न होते मन के बंजर रहते खेत। प्रेम रंग जो भरे न होते पृष्ठ हृदय के रहते श्वेत। इसलिए जिसका हृदय जितने निर्मल प्रेम भाव से भरा-भरा है । वह महानता में उतना ही खरा -खरा है । धर्म हीं सचमुच प्रेम पंथ हैं ।

> प्रदीप छाजेड़

## नोएडा में बंद कार में गोली मारी, भाई बोला- 1 करोड़ का फ्लैट दिलाया था

# वैलेंटाइन-डे पर प्रेमिका की हत्या कर क्रिकेटर ने जान दी

घटना

तमसा संकेत, एजेंसी

नोएडा। नोएडा में वैलेंटाइन-डे के दिन प्रेमी ने प्रेमिका की कार में हत्या कर दी, फिर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। देखा तो कार अंदर से लॉक थी। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने टाटा अल्ट्रोज कार का शीशा तोड़कर देखा, तो आगे की सीट पर दोनों के शव पड़े थे। दोनों के सिर में गोली लगी थी। युवक के हाथ में पिस्टल थी। बगल में दो खोखे पड़े थे। प्रेमी-प्रेमिका 13 फरवरी से घर से लापता थे। 26 साल की प्रेमिका रेखा नोएडा के सलारपुर की रहने वाली थी, जबकि प्रेमी सुमित (32) दिल्ली के त्रिलोकपुरी का रहने वाला था। वह मंडल स्तर का क्रिकेटर था। बताया जा रहा है कि दोनों का 15 साल से अफेयर चल रहा था। शादी करने वाले थे, लेकिन किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया। इसके बाद 13 फरवरी को सुमित ने रेखा को मैसेज भेजा- मैं मरने जा रहा हूं। इसकी जिम्मेदार रेखा है। वह मेरे साथ 15 साल रही। वादा किया था कि मुझसे शादी करेगी, लेकिन अब वह किसी और से शादी करने जा रही। मुझे रेखा ने धोखा दिया है। इसलिए मैं सुसाइड कर रहा हूं। इसके बाद वह कार लेकर घर से लापता हो गया। लड़की भी घर से गायब हो गई। उसके घरवालों ने शुक्रवार को नोएडा के सेक्टर-58 थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।


रेखा और सुमित, मृतक

### 'प्रेमिका को मैसेज भेजा, फिर घर से लापता हुआ'

वहीं, पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा। कार (DL 14 CL 6473) को कब्जे में ले लिया गया है। फोरेंसिक टीम ने भी सबूत जुटाए हैं। थाने में युवक के घरवाले पहुंचे। उनसे पूछताछ की गई।

**सचिन ने बताया- सुमित ने कल दोपहर 3:39 बजे लड़की के मोबाइल पर मैसेज भेजा था, जिसमें लिखा कि वह आत्महत्या करने जा रहा है। इसके बाद वह कार लेकर घर से निकल गया। रात तक वापस नहीं आया। घरवालों ने उसकी तलाश की, लेकिन कोई पता नहीं चला। आज दोपहर खबर मिली कि उसका शव मिला है।**





### 'घरवालों ने लड़की को बेटे के खिलाफ भड़काया'

भाई ने बताया- रेखा और सुमित का 15 साल से अफेयर चल रहा था। दोनों जल्द शादी करने वाले थे। लड़की के घरवालों ने उसे सुमित के खिलाफ भड़का दिया था। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी।

### चचेरे भाई बोले- प्रेमिका के लिए 1 करोड़ का फ्लैट खरीदा था

सुमित के पिता राजीव दिल्ली एमसीडी (दिल्ली नगर निगम) में हेल्थ इंस्पेक्टर की नौकरी करते हैं। रेखा और सुमित की स्कूलिंग साथ हुई थी। रेखा का सुमित के घर आना-जाना था। चचेरे बड़े भाई सचिन का कहना है कि सुमित क्रिकेट के साथ पानी का प्लांट भी चलाता था। सुमित ने रेखा के लिए एक फ्लैट भी खरीदा था, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ रुपए बताई जा रही।

## बोर्ड परीक्षाओं में नकल किसी भी कीमत पर नहीं होगी बर्दाश्त : मनोज

तमसा संकेत, संवाददाता




मथुरा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर-मीडिएट की बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन व सुचितापूर्ण संपन्न कराने के लिए शासन द्वारा सहायक निदेशक समग्र शिक्षा उत्तरप्रदेश मनोज कुमार वर्मा को मथुरा जनपद का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

पर्यवेक्षक मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि परीक्षाओं में नकल किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगी।

जनपद को 5 जोन व 14 सेक्टरों में विभक्त किया गया है।

परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 119 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा 119 केन्द्र व्यवस्थापकों की ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होंने बताया कि परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक जनपद के 119 केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा की प्रथम पाली प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित होंगी। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा हेतु बालक 19161 तथा बालिका 16027, कुल 35188 है। इंटरमी-डिएट परीक्षा हेतु बालक 20768 तथा बालिका 14213, कुल 34981 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा हेतु 11 राजकीय,73 सहायता प्राप्त तथा 35 वित्त विहीन केंद्र है। जनपद में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका संपर्क नंबर 9454457564 है। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों पर सशस्त्र पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।

फास्ट न्यूज

### ढाबा पर दो पक्षों में मारपीट, 2 राउंड फायरिंग हुई

आगरा । आगरा में एक ढाबे पर रंगबाजी के चलते दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसके बाद युवक ने फायरिंग कर दी। इस दौरान ढाबा संचालक पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसके बावजूद उसने हिम्मत दिखाते हुए फायरिंग करने वाले युवक को दबोच लिया। लोगों के जुटने के बाद आरोपी युवक के हाथ से पिस्टल छीन ली। दो आरोपी मौके से भाग गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### सहारनपुर शिवालिक फॉर्म हत्याकांड

सहारनपुर । सहारनपुर में जमीन विवाद में हुई गोलीबारी के आरोपी श्री राजपूत करणी सेना के उत्तराखंड अध्यक्ष शक्ति सिंह ने फेसबुक लाइव आकर खुद को निर्दोष बताया है। उन्होंने कहा- घटना से मेरा कोई लेना-देना नहीं है। अगर मैं दोषी निकला तो मुझे बीच चौराहे पर जिंदा जला देना। मैं नार्को टेस्ट के लिए भी तैयार हूं। गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने शक्ति सिंह सहित 4 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। शक्ति सिंह ने कहा- जिस जमीन को लेकर विवाद हुआ, उस पर पिछले करीब 3 सालों से कोर्ट का स्टे है। समाधान के लिए पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में दोनों पक्षों के अलावा बाहरी जिलों से भी लोग पहुंचे थे।

### स्टूडेंट का अपहरण करने वाले 8 यू-ट्यूबर अरेस्ट

कानपुर । सब्जी खरीदने गए 10 साल के छात्र को अगवाकर 2 लाख की फिरौती मांगने के मामले में गुजैनी पुलिस ने 3 किशोरों समेत 8 यू–ट्यूबरों को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी साउथ ने बताया कि आरोपियों ने इंस्टाग्राम में फॉलोवर बढ़ाने के लिए घटना को अंजाम दिया था, इसके बाद प्रैंक बताकर छात्र को छोड़ दिया था।

## कोर्ट परिसर के स्कैनिंग सेंटर में हुई मारपीट का वीडियो हुआ वायरल




तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । कोर्ट परिसर में स्थित स्कैनिंग सेंटर जिसे अक्सर फोटोकॉपी या ई-सेवा केंद्र के रूप में भी जाना जाता है, यहां मारपीट की घटना सामने आई है। विवाद यह झगड़ा मुख्य रूप से दस्तावेजों की स्कैनिंग और फोटोकॉपी के शुल्क या लाइन में लगने को लेकर शुरू हुआ, जिसने जल्द ही हिंसक रूप ले लिया। मारपीट में वहां काम करने वाले कर्मचारी और कुछ पक्षकारों या उनके सहायकों के बीच कहासुनी हुई थी।मौके पर मौजूद सुरक्षाक-र्मियों और स्थानीय पुलिस ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। घायल पक्षों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। इस हंगामे के कारण कुछ समय के लिए कोर्ट परिसर में अफरा-तफरी का माहौल रहा और काम प्रभावित हुआ। वहीं पुलिस घटना की जांच और आरोपी की तलाश में जुट गई।

### समाजसेवी राजपाल सिंह (दीपू) का असामयिक निधन

सूरतगंज बाराबंकी। क्षेत्र के कजियापुर निवासी और पूर्व ब्लॉक प्रमुख ज्ञानू सिंह के चचेरे भाई समाजसेवी राजपाल सिंह (दीपू) का शुक्रवार शाम लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान असामयिक निधन हो गया। वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ थे और हाल ही में लखनऊ के एक निजी अस्पताल में उनके हृदय का सफल ऑपरेशन हुआ था, किंतु अगले ही दिन उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम विदाई के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप, सुनील सिंह (सेवक),मास्टर कमलेश सिंह, पूर्व गन्ना परिषद अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह,वरिष्ठ सपा नेता प्रभात सिंह,भानू प्रताप सिंह,महासभा प्रदेश मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह, करण प्रताप सिंह, सपा नेता अतीक चौधरी सहित भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर नाम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मेरठ में छोटे भाई ने की बड़े की हत्या

## चाकू से इतने किए वार कि गर्दन लटकी, लाश के पास खून से सना चाकू लेकर बैठा रहा

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ । मेरठ के छोटे भाई ने बड़े भाई की गला काटकर हत्या कर दी। चाकू से इतने वार किए कि उसकी गर्दन कटकर लटक गई। हत्या के बाद छोटा भाई शव के पास ही खून से सना चाकू लेकर बैठा रहा। उसके चाकू से खून टपक रहा था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को चाकू के साथ अरेस्ट कर लिया। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वारदात इंचौली थाना क्षेत्र की शनिवार की है।

कस्बा लावड़ में रहने वाले नत्थू के 4 बेटे थे। जिनके नाम बेटे कलुआ (47), शहंशाह (43), जॉनी (39), अरुण (27) है। चारों की शादी नहीं हुई है। सब एक ही घर में रहते है। कलुआ और शहंशाह ऊपर खाना बना रहे थे। नीचे दोनों छोटे भाइयों में जॉनी और सबसे छोटा अरुण किसी बात को लेकर झगडा हो गया है। शनिवार दोपहर करीब 4:30 बजे अरुण ने बड़े भाई जानी (39) की गला रेतकर हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जॉनी को पास की सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके से आरोपी भाई अरुण को अरेस्ट कर लिया है। उसके पास से कत्ल में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल कर रही। दोनों भाइयों के बीच कहासुनी के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।



### इतने वार किए कि गर्दन लटक गई

जॉनी और अरुण शहर में काम करते हैं। शनिवार दोपहर दोनों में किसी बात पर झगड़ा हुआ। झगड़ा इतना बढ़ा कि छोटे भाई अरुण ने पास रखा चाकू उठाया और जॉनी की गर्दन पर लगातार वार करने लगा। इस हमले में गर्दन कटकर अलग नहीं हुई, बल्कि गर्दन लटक गई। इससे मौके पर ही जॉनी की मौत हो गई।



### हत्या कर लाश के पास बैठा रहा भाई

जॉनी की हत्या करने के बाद भी अरुण बड़े भाई की लाश के पास खून से सना चाकू लेकर बैठा रहा। वहीं, बड़े भाई की चीख-पुकार सुनकर मौके पर अन्य लोग पहुंचे। घरवालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

## लोक निर्माण विभाग तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग विधायक निधि द्वारा 66.11 लाख से चार मीटर चौडी.बनेगी सड़क

# 'विधायक सुभाष त्रिपाठी ने सी सी रोड का किया शिलान्यास'

तमसा संकेत, संवाददाता

पयागपुर (बहराइच) नगर पंचायत पयागपुर अंतर्गत बहु प्रतीक्षित मसूदपुर चौराहे से ब्लॉक मुख्यालय होती हुई स्टेशन मोड तक बनने वाली सीसी रोड का विधायक सुभाष त्रिपाठी नेशनिवार को विधिवत पूजन और शिलापट का अनावरण करके शिलान्यास किया। पुरी सड़क उजड़ चुकी थी जगह-जगह पर गहरे गड्ढे दिखाई देते थे। थोड़ी सी बरसात होने पर इन गड्ढों में काफी पानी भर जाता था आने जाने वाले राहगीरों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। विधायक सुभाष त्रिपाठी के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग द्वारा इस मार्ग को सीसी मार्ग के निर्माण हेतु चयनित किया। 800 मीटर लंबी सड़क के लिए विभाग के द्वारा 43 लाख 85 हजार रुपए स्वीकृत किए गए। शनिवार को विधायक सुभाष त्रिपाठी के द्वारा समारोहपूर्वक इस सड़क का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक सुभाष त्रिपाठी ने कहा तकनीकी दिक्कतों के चलते सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा था ।उन्होंने कहा कि सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होगा साथ ही साथ उन्होंने नगर क्षेत्र में जल निकासी हेतु धन की स्वीकृति और बारीपुरा मोड़ से पीपल चौराहा होते हुए रेलवे स्टेशन तक जाने वाले मार्ग के मरम्मत की भी घोषणा की। विधायक श्री त्रिपाठी ने कहा विधानसभा वासियों की हर राह आसान करने का संकल्प उनके जेहन में हरदम बना रहता है। कार्यक्रम का संचालन अनुपम कुमार शुक्ला ने कियाइस अवसर पर समाज सेवी हरिओम रस्तोगी मंडल अध्यक्ष प्रमोद पांडेय सन्तोष गौतम और दुर्गेश कुमार सिंह, आनन्द पाण्डेय, अजय त्रिपाठी विक्रम सिंह जिला पंचायत सदस्य जनक सिंह,राकेश सिंह,ओमप्रकाश मिश्र, अजीत शुक्ल,मनोज अग्रवाल,आनन्द बिहारी शुक्ल,अजीत शुक्ल,दानेन्द्र शर्मा, मुकेश शर्मा,पिन्टू सिंह,ज्योति सरोज,सुनीतादेवी सभासद व्यापारी गण कार्यकर्ता गण व सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।





**इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र जिला उपाध्यक्ष उमा शंकर तिवारी और विधान सभा संयोजक निशंक त्रिपाठी सहित तमाम विशिष्ट लोग उपस्थित रहे। गौर तलब हो कि नगर पंचायत पयागपुर अंतर्गत मसूदपुर चौराहे से ब्लॉक मुख्यालय प्राइमरी स्कूल होते हुए स्टेशन मोड तक जाने वाली सड़क बीते कई वर्षों से नितांत जर्जर स्थिति में थी।**

## ब्राह्मण भाजपा नेता को गिफ्ट में मिला हाथी 'जात्रा सिंह'

### अरुणाचल प्रदेश से प्रतापगढ़ लाने में डेढ़ लाख लगे

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रतापगढ़ । प्रतापगढ़ में एक ब्राह्मण भाजपा नेता अशोक त्रिपाठी को हाथी गिफ्ट में मिला है। उसका नाम 'जात्रा सिंह' और उम्र 8 साल है। अरुणाचल प्रदेश से असम, पश्चिम बंगाल और बिहार होते हुए हाथी को प्रतापगढ़ लाया गया। हाथी ने करीब 2 हजार किमी की दूरी तय की और उसे यहां तक लाने में डेढ़ लाख रुपए खर्च हुए।

हाथी भाजपा नेता अशोक त्रिपाठी को उनकी पिता की याद में मां केवल देवी को दिया गया। जब हाथी जात्रा सिंह गांव लाया गया तो 'गणपति बप्पा मोरया' के उद्घोष के साथ उसका स्वागत किया गया। बैंड-बाजे के साथ उसे ट्रक से उतारा गया। इसके बाद विधि-विधान से स्नान कराया गया। अशोक त्रिपाठी, उनकी मां और अन्य लोगों ने मंदिर परिसर में हाथी का तिलक किया। मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। प्रसाद का वितरण किया गया। हाथी देखने और पूजने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। हाथी के लिए गांव में बाड़ा भी तैयार कराया गया है। मामला रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के छींटपुर गांव का है।



दरअसल, अशोक त्रिपाठी साल 2017 में सदर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में सपा-बसपा गठबंधन से भी प्रत्याशी रहे, लेकिन हार का सामना करना पड़ा। 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले वह भाजपा में शामिल हो गए।

अशोक त्रिपाठी के पिता राम प्रकाश त्रिपाठी अरुणाचल प्रदेश के कई जिलों में प्रधानाचार्य रहे।

निर्देश : गोरखपुर में जनता दर्शन में सीएम योगी ने दिए निर्देश, 150 लोगों की समस्या सुनी

# गलत जांच रिपोर्ट लगाने वालों पर दर्ज हो एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। वह तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार की शाम गोरखपुर पहुंचे थे। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में उन्होंने लोगों की समस्या सुनने के बाद समाधान का भरोसा दिया।

सीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। हर मामले का निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया।





### किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं

गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही दो टूक समझाया कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जनता दर्शन में कुछ मामले ऐसे भी आए थे जिनमें यह शिकायत की गई कि प्रकरण में गलत रिपोर्ट लगा दी गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि पता लगाकर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद में शिथिलता या लापरवाही कतई नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की हीलाहवाली हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी तय है।

**गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर उन्होंने गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से अपने हाथों से गुड़ खिलाया।**

# सपा विधायक के दबाव में लेखपाल ने दिया इस्तीफा

## माफिया मेरी हत्या कर सकते, एमएलए बोले- सारी बातें बेबुनियाद

तमसा संकेत, एजेंसी

आजमगढ़ । आजमगढ़ के अमीलो में तैनात लेखपाल राकेश कुमार यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एसडीएम को तीन पन्नों का इस्तीफा सौंपते हुए मुबारकपुर विधानसभा से सपा के विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राकेश यादव का कहना है कि उनका ट्रांसफर विधायक के दबाव में किया गया है।

उन्होंने बताया कि बाहा की जमीन पर भू-माफिया और हिस्ट्रीशीटर अवैध प्लॉटिंग कर रहे थे, जिसे उन्होंने रुकवा दिया था। इसके बाद उन्हें लगातार धमकियां मिलने लगीं। डरने के बजाय उन्होंने थाने में एफआईआर दर्ज कराई। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की और मामले में एफआर लगा दी।



इसके साथ ही लेखपाल ने विधायक पर 2.50 लाख रुपये मांगने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि संबंधित माफिया और हिस्ट्रीशीटर को विधायक का संरक्षण है। उनसे उनकी हत्या कराई जा सकती है।

वहीं, इस मामले में बातचीत करते हुए सपा विधायक अखिलेश यादव ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि मेरा किसी माफिया से कोई संबंध नहीं है।

### विधायक के दवाब में लेखपाल का ट्रांसफर

एसडीएम को दिए गए अपने तीन पन्नों के इस्तीफे में राकेश कुमार यादव ने लिखा- मुझे इस बात का दुख है कि मेरा ट्रांसफर भू-माफिया और हिस्ट्रीशीटर को संरक्षण देने वाले मुबारकपुर विधायक अखिलेश यादव के दबाव में किया गया।

मैंने भू-माफिया सुलेमान पुत्र हाजी यासीन, मोहम्मद सलीम पुत्र मुख्तार अहमद तथा हिस्ट्रीशीटर नजरे आलम पुत्र मोहम्मद यूसुफ को बाहा की भूमि गाटा संख्या 448 पर प्लॉटिंग करते हुए रोका था और तुरंत काम बंद कराया था।

# डिप्टी कमिश्नर के भाई की हरदोई में हत्या

हमला

## मरने से पहले अपनी अंतड़ियां समेटी, बोला-जिंदा हूं भाई को आने दो

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। मथुरा के डिप्टी कमिश्नर (उद्योग) के भाई की हरदोई में हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह 5 बजे हमलावरों ने घर में घुसकर भाई पर बांके से हमला किया। चीख-पुकार मची तो हमलावर भाग गए। मां और पड़ोसी भागकर पहुंचे तो देखा वह पेट के बल जमीन पर तड़प रहा था। शरीर से खून बह रहा था। यह देखकर लोग घबरा गए।

पड़ोसी जब अस्पताल ले जाने लगे तो घायल युवक ने कहा- मैं अभी मरा नहीं हूं, जिंदा हूं। अभी कहीं मत लेकर जाओ, मेरे भाई को आने दो। मरने से पहले उसने गांव के हत्यारों के नाम भी बताए। कहा कि इंद्रपाल ने अपने दो साथियों के साथ पूरी साजिश के तहत उस पर हमला किया।

हालांकि, पड़ोसी उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि डिप्टी कमिश्नर के पिता की भी जून, 2023 में हत्या कर दी गई थी। पिता पर बांके से हमला किया गया था। मरने से पहले उन्होंने भी हत्यारों के नाम बताए थे।


विजय प्रताप, मृतक



> सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मां गोमती के बयान पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले।

मामला पाली थाना क्षेत्र का है। डिप्टी कमिश्नर रामेंद्र कुमार मथुरा में 10 साल से पोस्टेड हैं। हरदोई में जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर मुड़रामऊ गांव में उनका पैतृक घर है। गांव में मां गोमती (78) और छोटा भाई विजय प्रताप (35) रहते हैं। विजय की शादी नहीं हुई है। 3 साल पहले पिता दयाराम (75) की हत्या कर दी गई थी। मां गोमती ने बताया- शनिवार सुबह 6:30 बजे शोर सुनकर उठी तो देखा आंगन में छोटा बेटा विजय खून से लथपथ पड़ा था। वह गंभीर रूप से घायल था। इसी बीच गांववाले आ गए। बेटे ने मुझे बताया कि गांव के ही रहने वाले इंद्रपाल ने दो लोगों के साथ मिलकर उस पर हमला किया है।

पड़ोसी उसे अस्पताल ले जाने लगे तो वह इनकार कर रहा था। कहने लगा कि पहले मेरे भाई को आने दीजिए। उसे तत्काल पाली सीएचसी पहुंचाया गया। लेकिन, हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां करीब 2 घंटे के इलाज के बाद विजय ने दम तोड़ दिया।

### एएसपी मार्तंड प्रकाश सिंह ने बताया

विजय नाम के युवक पर धारदार हथियार से हमले की सूचना मिली थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई । मरने से पहले युवक ने हमलावरों के नाम बताए। एक नामजद आरोपी इंद्रपाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपी भी गिरफ्तार होंगे।

### 3 साल पहले गैस एजेंसी विवाद को लेकर पिता की हुई थी हत्या

जून, 2023 में डिप्टी कमिश्नर रामेंद्र कुमार के पिता दयाराम घर से खेत जा रहे थे। गांव के दो पक्षों में झगड़ा चल रहा था। दयाराम ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो दबंगों ने उन पर हमला कर दिया। वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हरदोई मेडिकल कॉलेज से लखनऊ ले जाते समय उन्होंने दम तोड़ दिया था। मरने से पहले उन्होंने बताया था- मैं चारा काटने जा रहा था। तभी महावीर, रघुवीर, परीक्षित उर्फ संदीप, मनोज और रजनीश ने मुझ पर हमला कर दिया।

# दालमंडी में बुजुर्ग की हार्ट-अटैक से मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी के दालमंडी में एक बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत हो गई। एक दिन पहले ही घर पर बुजुर्ग का बर्थडे सेलिब्रेट किया गया था। तब बुजुर्ग ने पोते से अपनी परेशानी शेयर करते हुए बोला था कि सरकार छीन रही है तो छीन लेने दो। अब हम क्या कर लेंगे। कुछ नहीं बचा पाएंगे। दरअसल दालमंडी में ध्वस्तीकरण का हथौड़ा लगातार चल रहा है। इसमें बुजुर्ग के बेटे का मकान भी शामिल है। बुजुर्ग के बेटे ने बताया- प्रशासन द्वारा हमारे मकान को कसरे हिंद (सरकारी जमीन पर प्रॉपर्टी पर अवैध कब्जा) घोषित किए जाने से मेरे पिता काफी दिनों से चिंतित थे। रात में हम सब यही बात कर रहे थे। सुबह देखा तो पिता जी उठे ही नहीं। हम उन्हें अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बेटा बोला- हमारा नसीब इतना खराब था कि दालमंडी में मलबा गिरे रहने की वजह से लाश तक घर के दरवाजे पर नहीं ले जा सके। अस्पताल में ही हमने उन्हें आखिरी बार नहलाया और वहीं से शवयात्रा निकाली। मृत बुजुर्ग का नाम महंगू है। दालमंडी के मकान संख्या सीके 43/154 में मालिक जफर खान (65) अपने परिवार के साथ 100 साल से ज्यादा समय से रह रहे थे।



■ ध्वस्तीकरण कार्रवाई पर पोते से बोले- लगता है कुछ नहीं बचेगा, घर तक नहीं पहुंच सकी लाश

फास्ट न्यूज़

### लव मैरिज करने पहुंचा, लड़की के भाई ने पीटा

कानपुर । प्रेमिका से गुपचुप तरीके से लव मैरिज करने पहुंचे लड़के को रजिस्ट्रार ऑफिस के बाहर लड़की के परिजनों ने पीट दिया। मारपीट से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें युवती के मां और भाई लड़के की कॉलर पकड़ कर उसे एक के बाद एक थप्पड़ जड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

हंगामा होते देख वकीलों ने बीच–बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया।

### डॉक्टर ने मेडिकल स्टोर में की तोड़फोड़

झांसी । झांसी में दांत के एक डॉक्टर ने अपने ही मकान मालिक के मेडिकल स्टोर में तोड़फोड़ कर दी। पानी खत्म होने के बाद भी मकान मालिक ने मोटर नहीं चलाई थी। इससे डॉक्टर नाराज हो गए। कहासुनी हुई तो मकान मालिक ने कमरा खाली करने का अल्टीमेटम दे दिया। इससे गुस्साए डॉक्टर ने तोड़फोड़ शुरू कर दी। पहले मेडिकल स्टोर और बाहर खड़ी स्कूटी पर पत्थर मारे। एक युवक से मारपीट की और फिर सरिया उठाकर मेडिकल कॉलेज में जमकर तोड़फोड़ की। सीपरी बाजार थानाक्षेत्र के दीनदयाल नगर की यह घटना 10 फरवरी की बताई जा रही है।

### बाराबंकी ऑटो-स्कूटी में टक्कर

बाराबंकी । बाराबंकी के फतेहपुर थाना क्षेत्र में बसरा गांव के पास शुक्रवार को एक बैटरी ऑटो और स्कूटी के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, स्कूटी सवार गुलाब अली (निवासी नब्बा बंकी, कोतवाली नगर) को हल्की चोटें आईं। वहीं, ऑटो चालक अतीक (30) पुत्र नाजिम (निवासी डमोरा, थाना फतेहपुर) और ऑटो में सवार शुभम (20) पुत्र गुड्डू (निवासी बनौगा, थाना कुर्सी) गंभीर रूप से घायल हो गए।

# वृंदावन में श्रद्धालु का गोस्वामी ने फोड़ा सिर



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के एक गोस्वामी ने श्रद्धालु को सिर में डंडा मारकर लहूलुहान कर दिया। गोस्वामी से बचाने के लिए श्रद्धालु की पत्नी राहगीरों से मदद मांगती रही। शनिवार को हुई यह घटना राधा बल्लभ मंदिर के पास की बताई जा रही है। दरअसल, घायल व्यक्ति मंदिर जाते समय सड़क पर एक व्यक्ति से झगड़ रहे गोस्वामी से बीच-बचाव कर दिया था, जिससे वह नाराज हो गया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने आरोपी गोस्वामी को हिरासत में लेकर बांके बिहारी पुलिस चौकी भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को बांके बिहारी मंदिर के शयन भोग पुजारी मनोज गोस्वामी किसी काम से जुगल घाट की तरफ जा रहे थे। दूसरी तरफ गाजीपुर से आए श्रद्धालु कुशेंद्र यादव अपनी पत्नी के साथ बांके बिहारी के दर्शन कर राधावल्लभ मंदिर जा रहे थे।इस दौरान गोस्वामी का राधा बल्लभ मंदिर की सीढ़ियों वाले रास्ते के पास एक युवक से झगड़ा हो गया। उधर से गुजर रहे कुशेंद्र ने बीच-बचाव किया तो उग्र गोस्वामी ने अपने डंडे से उसी पर हमला कर दिया।

## जालौन में देर रात घर से अकेले निकले थे, ट्रक में घुसी महिंद्रा, एक्सयूवी

# आग का गोला बनी कार सीए जिंदा जला

तमसा संकेत, एजेंसी

जालौन। जालौन में एक चार्टर्ड अकाउंटेंट की कार में जिंदा जलकर मौत हो गई। शुक्रवार देर रात वह कार लेकर घर से किसी काम के लिए निकले थे। शनिवार तड़के लौटते वक्त हाईवे पर किनारे खडे. ट्रक में उनकी महिंद्रा XUV 700 अनियंत्रित होकर पीछे से जा टकराई। टक्कर के बाद निकली चिंगारी से कार में आग लग गई और देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग का गोला बन गई। कार चला रहे सीए बाहर नहीं निकल पाए। वह अंदर ही फंसे रहे और तड़पते हुए चीखते-चिल्लाते रहे।

हाईवे पर अचानक उठते धुएं का काला गुबार देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक सीए की जलकर मौत हो चुकी थी। कार को कटर से काटकर उनके शरीर के अवशेष बाहर निकाले गए।

मृतक राजेश कुशवाहा के बड़े भाई संजय सिंह ने बताया- उनका ऑफिस जिला अस्पताल के सामने वाली गली में था। शुक्रवार को किसी काम से वह अकेले की कार लेकर घर से निकले थे। सुबह फोन आया तो हादसे की जानकारी मिली। सीए के घर में उनकी पत्नी स्वाती और दो बेटियां हैं। जानकारी होते ही पूरे घर में कोहराम मच गया। पत्नी-बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है।




राजेश कुशवाहा, मृतक

> घटना जिला मुख्यालय से 2 किलोमीटर दूर झांसी - कानपुर नेशनल हाईवे-27 की है। सीए की पहचान उरई के रहने वाले राजेश कुशवाहा के रूप में हुई है।

### आग इतनी भीषण कि पहचान मुश्किल

उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर ने बताया कि अभी तक यही सामने आया है कि तेज रफ्तार में कार खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। सीए राजेश कुशवाहा, महिंद्रा XUV700 कार चला रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद लगी आग की वजह से कार पूरी तरह से जल गई। गाड़ी ड्राइव कर रहे सीए भी बुरी तरह से जल गए। कार को कटर से काटकर उनके शरीर के अवशेष को बाहर निकाला गया। शव से व्यक्ति की पहचान भी मुश्किल है।

# ब्रज में रंगोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

## 12 मार्च 2026 को श्री रंग जी मन्दिर वृन्दावन में होली का होगा आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में माननीय मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चौधरी की अध्यक्षता में रंगोत्सव 2026 की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई संपन्न। बैठक में महापौर विनोद अग्रवाल उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र , मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप , पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा , जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार , नगर आयुक्त जग प्रवेश , मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन , उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल , अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा , अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार , एस0पी0 ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत जी, उप जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। 24 फरवरी को फाग आमंत्रण नंदगाँव एवं लडडू होली बरसाना, दिनांक 25 फरवरी को लठामार होली बरसाना, दिनांक 26 फरवरी को लठामार होली नन्दगाँव एवं रंग लठामार होली गॉव रावल, दिनांक 27 फरवरी को श्री कृष्णजन्म स्थान मंदिर में रंगो की होली, वृन्दावन के श्री बॉके बिहारी जी मन्दिर में रंगो की होली तथा मथुरा श्री द्वारिकाधीश जी मंदिर में कुंज की होली, दिनांक 1 मार्च को छड़ीमार होली गोकुल, दिनांक 3 मार्च को चतुर्वेदी समाज का डोला मथुरा तथा होलिका दहन, गॉव फालैन (ब्रह्म मुहूर्त), दिनांक 4 मार्च को धुलेंडी मथुरा जनपद, दिनांक 5 मार्च को दाऊजी का हुरंगा बल्देव, ग्राम जाँब का हुरंगा, चरकुला मुखराई एवं नन्द गांव का हुरंगा, दिनांक 6 मार्च को गॉव बठैन का हुरंगा एवं गिडोह का हुरंगा, दिनांक 9 मार्च को छडीमार होली महावन तथा दिनांक 12 मार्च 2026 को श्री रंग जी मन्दिर वृन्दावन में होली का आयोजन होगा।



> बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने अवगत कराया कि बरसाना को 7 जोन व 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। बरसाना हेतु 56 पार्किंग स्थल तथा 94 बैरियर बनाए जा रहे है। 13 स्थलों पर स्वास्थ्य केंद्र तथा 05 दो पहिया एम्बुलेंस लगाई जाएंगी। बरसाना में 5 वॉचटावर तथा 5 स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

### विभिन्न स्थलों पर प्रवेश द्वारों की स्थापना

रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न स्थलों पर प्रवेश द्वारों की स्थापना की जाएगी, जिसमें बरसाना में 05, नन्दगाँव में 04, रावल में 02, गोकुल में 02, बल्देव में 02, फालैन में 02, महावन में 01 तथा मथुरा में 05 कुल 23 द्वार बनाए जाएंगे। रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत बरसाना, नन्दगाँव, फालैन एवं मथुरा जनपद के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु 25 छोटे स्टेज बनाए जाएंगे। जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख मन्दिरों पर प्रकाश व्यवस्था/विद्युत सजावट का कार्य किया जाएगा, जिसमें गाजीपुर मन्दिर, संकेत मन्दिर, श्री राधारानी मन्दिर रावल, नन्दकिला नन्दभवन गोकुल, श्री प्रहलाद मन्दिर (प्रहलाद कुण्ड) ग्राम फालैन, होली दरवाजा (होलीगेट) मथुरा, विश्राम घाट मथुरा, ठाकुर श्री दाऊजी मन्दिर बल्देव तथा नन्दभवन चौरासी खम्भा मन्दिर महावन शामिल है।

# आईआईटी कानपुर में मंगेतर से झगड़े के बाद सुसाइड

## वैलेंटाइन डे पर युवती ने फोन काटा, बोली- मरने जा रही

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । IIT कानपुर में शनिवार को युवती का शव फंदे पर लटकता मिला। जूनियर टेक्नीशियन वेलेंटाइन डे पर सुबह अपने मंगेतर से फोन पर बात कर रही थी। तभी किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। युवती ने कहा कि मैं जान देने जा रही। फिर कॉल कट कर दी। मंगेतर ने अपने एक साथी को जब तक रूम में भेजा तब तक बहुत देर हो चुकी थी। युवती का शव पंखे के सहारे फंदे से लटकता मिला। स्टाफ से सूचना मिलते ही कल्याणपुर पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ जांच करने पहुंची। युवती के परिजनों को जानकारी दी। इसके बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। झारखंड के जादूगोड़ा की रहने वाली अंजू कुमारी (26) IIT कानपुर में जूनियर टेक्नीशियन थी। वह यहां तीन साल से कार्यरत थी। सूचना पर पहुंचे एडीसीपी कपिलदेव सिंह ने बताया कि अंजू की शादी उड़ीसा के पावर हाउस में तैनात पंकज से तय थी। दोनों की कुछ दिनों बाद सगाई भी होनी थी।

धीरे-धीरे दोनों के बीच कॉल पर बात होने लगी थी। रोज की तरह वैलेंटाइन डे की सुबह भी अंजू अपने मंगेतर पंकज से बात कर रही थी। इस दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मंगेतर ने चिल्लाकर डांट दिया। इसके बाद अंजू ने कहा- अब मैं फांसी लगाने जा रही। फिर कॉल कट कर दी।


अंजू कुमारी, मृतक

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'नार्थ ईस्ट हमारे...

प्लेन ने यहां मोरन बाईपास पर इमरजेंसी लैंडिंग फैसिलिटी (ELF) पर लैंडिंग की। मोदी ऐसा करने वाले पहले प्रधानमंत्री बने।

PM मोदी ने कहा- कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति, वोट बैंक की नीति, कांग्रेस ने हमेशा वोट बैंक के चश्मे से देखा। कांग्रेस के समय केंद्र की योजनाओं को असम तक पहुंचने में कई साल लग जाते थे। भाजपा ने नार्थ ईस्ट के विकास को हमेशा प्राथमिकता दी।

PM ने कहा- पिछले 12 साल में जब भी कोई नई शुरुआत हुई तो उसका फायदा नार्थ ईस्ट को मिला। वंदे भारत शुरू हुई तो असम नार्थ ईस्ट कनेक्ट हो गया। स्लीपल वंदे भारत भी असम से शुरू हुई सेमीकंडक्टर प्लांट भी असम में बन रहा है। असम की चाय की तरह असम में बनी चिप्स की पूरी दुनिया में चर्चा होगा। चाय से लेकर चिप्स तक असम की विकास यात्रा दिखाई देती है।

### 'भाजपा सरकार ने ...

प्रधानमंत्री ने कहा- इस ब्रिज का नाम प्राचीन कामरूप के सम्राट कुमार भास्कर बर्मन के नाम पर रखा गया है। ये ब्रिज बताता है कि तेज विकास करती है और विरासत को आगे बढ़ाती है। इसके बनने से गुवाहटी देश का नया ग्रोथ सेंटर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

### 2014 में 6 एम्स थे...

प्रधानमंत्री बोले- कांग्रेस ने दशकों तक एम्स के विस्तार पर ध्यान नहीं दिया। 2014 में देश में 6 एम्स थे आज देश में 20 से ज्यादा एम्स हैं। गुवाहटी के अलावा असम में कई मेडिकल कॉलेज खोले गए कल पीएम राहत योजना को मंजूरी दी। दुर्घटना में घायल होने पर 1.50 लाख तक का इलाज केंद्र सरकार मुफ्त में कराएगी।भाजपा कार्यकर्ताओं में बड़ी संख्या युवाओं की है।

### 'दिल्ली में दम घुटता ...

सीएम योगी ने कहा- अच्छा बताइए सांसद यहां सप्ताह महीने में आते हैं कि नहीं आते? मैं जानता हूं। इसीलिए इनको बोलता हूं कि कम से कम साल में एक बार जरूर जाया करिए। अब घराती हो या बाराती, सबको सुविधाएं चाहिएं। अब मांगलिक कार्यक्रम रोज-रोज तो नहीं होते। इस मौके पर सांसद रवि किशन ने कहा- एक कहानी आपको सुनाता हूं। सिंगापुर का नाम आप सबने सुना होगा। 1975 की बात है, जब यह आजाद हुआ था। सिंगापुर के प्रधानमंत्री थे ली कुआन यू एक्जेक्टली। वहां भी 2017 के पहले के यूपी जैसा हाल था। माफिया, बाहुबली, छिनैती, डकैती, लूट, बलात्कार चारों तरफ सिर्फ आतंक था। आज सिंगापुर बहुत अमीर देश के रूप में जाना जाता है। 2017 से पहले बिल्कुल वहीं हाल यूपी का भी था। लेकिन, महाराज जी मुख्यमंत्री बनने के बाद आज 2026 चल रहा है। आज यूपी में हर कोई निवेश करना चाहता है। अडाणी हो अंबानी, कोई ऐसा बिजनेसमैन नहीं जो यूपी में इंडस्ट्री नहीं लगाना चाहता।

### ब्रह्मपुत्र के नीचे ...

दुनियाभर में अभी चैनल टनल ही एकमात्र अंडरवाटर रोड-कम-रेल टनल है। यह टनल इंग्लिश चैनल के नीचे बनी है, जो यूनाइटेड किंगडम और फ्रांस को आपस में जोड़ती है। यह टनल 1994 में आम नागरिकों के लिए खोली गई थी।

इस टनल की कुल लंबाई लगभग 50.45 किलोमीटर है, जिसमें से लगभग 37.9 किलोमीटर हिस्सा समुद्र के नीचे स्थित है। यह दुनिया की सबसे लंबी अंडर सी टनलों में से एक है।

### राहुल का आरोप ...

राहुल ने बताया कि भारत के गारमेंट्स पर 18% टैरिफ की घोषणा के बाद जब मैंने संसद में बांग्लादेश को मिल रही खास रियायत पर सवाल उठाया, तब मोदी सरकार के मंत्री का जवाब आया - अगर यही फायदा हमें भी चाहिए, तो अमेरिका से कपास मंगवानी होगी।

आखिर, ये बात तब तक देश से छुपाई क्यों गई? और, ये कैसी नीति है? क्या यह सचमुच में कोई विकल्प है - या फिर "आगे कुआं, पीछे खाई" की हालत में फंसाने वाला जाल?

पोस्ट में राहुल बोले अगर हम अमेरिकी कपास मंगवाते हैं तो हमारे अपने किसान बर्बाद हो जाएंगे। अगर नहीं मंगवाते, तो हमारा टेक्सटाइल उद्योग पिछड़कर तबाह हो जाएगा। और, अब बांग्लादेश यह संकेत दे रहा है कि वह भारत से कपास आयात भी कम या बंद कर सकता है।

### 'राहुल गांधी चलाते ...

मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल की आलोचना करते हुए राष्ट्रीय आर्थिक नीतियों पर उनकी पकड़ पर सवाल उठाए और कहा कि वह अपरिपक्व हैं और उन्हें अर्थव्यवस्था की बिल्कुल भी समझ नहीं है। पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ निष्पक्ष और संतुलित ट्रेड डील का बचाव करते हुए कहा कि यह भारत की प्रगति के लिए निर्णायक (गेम चेंजर) साबित होगा।

### अमित शाह ने राहुल...

शाह ने कहा, 'राहुल गांधी देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं। वे झूठ बोलकर भ्रम फैलाना चाहते हैं। उनकी नीति जोर-जोर से झूठ बोलना और बार-बार उस झूठ को दोहराना है।' केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस के वी नारायणसामी के नेतृत्व वाली पूर्व पुडुचेरी सरकार पर आरोप लगाया कि उसने केंद्र शासित प्रदेश को 'गांधी परिवार का एटीएम' बना दिया।

### अंबेडकरनगर में ...

अधिकारियों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने की छूट है और अपराधियों में पुलिस का भय है। उन्होंने कहा कि सख्ती के कारण अपराधी प्रदेश छोड़ने को मजबूर हुए हैं। आवास योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि करोड़ों गरीबों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए हैं। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। बड़ी संख्या में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर 'लखपति दीदी' बनाने का अभियान चल रहा है। सरकार का लक्ष्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना और परिवारों की आय बढ़ाना है।

डिप्टी सीएम ने 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों से तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने जिले की सभी सीटों पर जीत का लक्ष्य निर्धारित करने की बात कही। युवाओं से मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने और अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने की अपील की।

### आप योगी हैं तो ...

अखिलेश तो बर्बाद हो गए। अब इनका देखिएगा। शंकराचार्य ने कहा- गोरखनाथ की वाणी में स्पष्ट है कि जो योगी बन गया, उसे राजपाट से दूर रहना चाहिए। राजा योगी बन सकता है, लेकिन योगी फिर से राजा नहीं बनता। तो सवाल यह है कि अगर आप योगी हैं, विरक्त हैं, तो मुख्यमंत्री सत्ता स्वीकार कैसे कर रहे हैं?

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद विवाद पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में बात रखी। योगी ने कहा- हर व्यक्ति शंकराचार्य नहीं लिख सकता। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। मैं भी नहीं। मेरा मानना है कि भारत के हर व्यक्ति को कानून को मानना चाहिए। अगर सपा के लोग उसे पूजना चाहते हैं तो पूजें। सीएम ने कहा- माघ मेले में जो मुद्दा नहीं था, उसे जानबूझकर मुद्दा बनाया गया। क्या हर व्यक्ति मुख्यमंत्री बनकर पूरे प्रदेश में घूम जाएगा? क्या कोई मंत्री का बोर्ड लगाकर घूम जाएगा? क्या कोई सपा का अध्यक्ष बनकर प्रदेश में घूम जाएगा? नहीं। एक सिस्टम है, एक व्यवस्था है।

### संविधान और आरक्षण ...

उन्होंने कहा कि विपक्ष जानबूझकर भ्रामक प्रचार कर रहा है, जबकि सरकार विकास और सुशासन के एजेंडे पर आगे बढ़ रही है। कानून व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण योजनाओं को सरकार की प्राथमिक उपलब्धियों के रूप में प्रस्तुत किया गया।

## टीम इंडिया को स्पिनर उस्मान तारिक से सावधान रहना होगा, मोंगिया ने हार्दिक पंड्या को गेम चेंजर बताया

# भारत-पाक महामुकाबले पर हरभजन की सलाह

विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाई-वोल्टेज मैच से पहले पूर्व क्रिकेटरों ने टीम इंडिया की जीत का भरोसा जताया है। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह का मानना है कि भारतीय टीम पाकिस्तान को हराने में सक्षम है, हालांकि उन्होंने भारतीय बल्लेबाजों को पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक से सावधान रहने की सलाह भी दी है। वहीं, पूर्व विकेटकीपर नयन मोंगिया ने कहा कि भारतीय युवा अब निडर होकर खेलते हैं और पाकिस्तान पर लगातार हार का मनोवैज्ञानिक दबाव रहेगा।



हरभजन सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत की टीम मजबूत और संतुलित है, लेकिन मैच के दौरान धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी होगा। उन्होंने कहा,'भारत यह मैच जीतेगा। पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक जैसा अच्छा स्पिनर है, इसलिए उसे संभलकर खेलना होगा। भारतीय टीम बहुत अच्छी है। हमें उम्मीद है कि खिलाड़ी बिना दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाएं और जीत हासिल करें।' मोंगिया ने कहा,'यह मुकाबला रोमांचक होगा और हमें उम्मीद है कि भारत जीतेगा। जिस तरह टीम बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर रही है और कप्तान आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं, उससे टीम का आत्मविश्वास साफ दिखता है। पाकिस्तान लगातार सात-आठ बार आईसीसी टूर्नामेंट में हार चुका है, इसलिए उन पर ज्यादा दबाव रहेगा।'

### क्रिकेट का कीड़ा है तो सॉल्व कीजिए ये सुपर क्विज

क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे T20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान खास गेम 'SUPER ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर बनिए।

### मोंगिया को भी भारत की जीत का भरोसा

पूर्व भारतीय विकेटकीपर नयन मोंगिया ने भी भारत की जीत की उम्मीद जताई है। उनका मानना है कि मौजूदा समय में भारतीय टीम का आत्मविश्वास काफी ऊंचा है।

### उस्मान तारिक की शानदार फॉर्म, एक्शन पर विवाद



पाकिस्तान के स्पिनर उस्मान तारिक हाल के टी-20 मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कम औसत से कई विकेट लिए हैं और विरोधी बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। हालांकि, उनके बॉलिंग एक्शन को लेकर कुछ लोगों ने सवाल उठाए हैं और इसकी नियमों के अनुरूप होने पर विवाद भी बना हुआ है।

**मोंगिया को ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या से भी शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। हार्दिक का पाकिस्तान के खिलाफ रिकॉर्ड अच्छा रहा है और वे दबाव भरे मैचों में टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं।**

**कुल मिलाकर, पूर्व खिलाड़ियों का मानना है कि अगर भारतीय टीम बिना दबाव के अपना स्वाभाविक खेल दिखाती है और प्रमुख खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहता है, तो पाकिस्तान के खिलाफ जीत हासिल करना मुश्किल नहीं होगा।**

## जिम्बाब्वे की जीत पर सचिन बोले - दबाव में अच्छा खेले

नई दिल्ली, एजेंसी



टी-20 वर्ल्ड कप में जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हरा दिया। इस जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों और पूर्व दिग्गजों ने टीम की खुलकर तारीफ की। सचिन तेंदुलकर ने जिम्बाब्वे को बधाई देते हुए इसे शानदार जीत कहा। वहीं वीरेंद्र सहवाग ने जिम्बाब्वे को भारत के लिए लकी चार्म कहा। वे बोले जब-जब जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया है, भारत ने वर्ल्ड कप जीत है। सचिन तेंदुलकर बोले- जिम्बाब्वे की यह जीत वाकई दमदार रही। ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराना टीम के जज्बे और हौसले को दिखाती हैं। ब्लेसिंग ने भी अपने नाम की तरह ही टीम के लिए आशीर्वाद साबित होते हुए शानदार 4 विकेट लिए। कुल मिलाकर, टूर्नामेंट अब काफी रोमांचक होता जा रहा है और आगे और भी मजेदार मुकाबले देखने को मिल सकते हैं।

वीरेंद्र सहवाग ने कहा- जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर बड़ा उलटफेर कर दिया। इसे ही असली 'जायंट किलिंग' कहते हैं। उन्होंने आगे लिखा- प्रिय जिम्बाब्वे, तुम्हें पता है तुमने क्या कर दिया? 1983 में तुमने ऑस्ट्रेलिया को हराया और भारत वर्ल्ड कप चैंपियन बना।

2007 में भी तुमने ऑस्ट्रेलिया को हराया और हम फिर वर्ल्ड कप जीत गए। 2026 में भी तुमने ऑस्ट्रेलिया को हरा दिया, अब तो डिनर हमारी तरफ से पक्का। रविचंद्रन अश्विन बोले- जिम्बाब्वे ने आज बेहद सटीक और क्लिनिकल क्रिकेट खेली। बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही शानदार रहीं, लेकिन टोनी मुनयोंगा की फील्डिंग ने दबाव और बढ़ा दिया।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम में कुंबले द्रविड़ के नाम पर दो स्टैंड्स होंगे

## द्रविड़ बोले- घर से ज्यादा वक्त इस मैदान पर बिताया

नई दिल्ली, एजेंसी

बेंगलुरु का एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के 50 साल इंटरनेशनल क्रिकेट के पूरे होने पर स्टेडियम के दो स्टैंड्स का नाम अनिल कुंबले और राहुल द्रविड़ के नाम पर रखा गया है। कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (KSCA) के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद की अगुवाई में आयोजित इस समारोह में कुंबले और द्रविड़ को भारतीय और कर्नाटक क्रिकेट में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर दोनों ही खिलाड़ी भावुक नजर आए और उन्होंने चिन्नास्वामी स्टेडियम से जुड़ी अपनी पुरानी यादें साझा कीं।

अनिल कुंबले के लिए यह पल बेहद खास था। उन्होंने कहा,'मैं पहली बार 9 साल की उम्र में एक



दर्शक के तौर पर यहां मैच देखने आया था। आज इसी स्टेडियम के पवेलियन पर अपना नाम देखना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है और मैं थोड़ा इमोशनल भी हूं। चिन्नास्वामी स्टेडियम का 50 साल का सफर दरअसल भारतीय क्रिकेट की ग्रोथ को भी दिखाता है। मैं BCCI का भी शुक्रगुजार हूं जिसने ऐसा स्ट्रक्चर बनाया कि भारत के हर कोने से आने वाले सपनों को मौका मिल सके।

टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और कोच राहुल द्रविड़ ने चिन्नास्वामी स्टेडियम को अपना दूसरा घर बताया। उन्होंने कहा,'जैसा अनिल ने कहा, हमने शायद अपने घरों से ज्यादा वक्त इस मैदान पर बिताया है। यह वह जगह है जिसने मुझे बहुत खुशी दी और कभी-कभी निराशा भी, लेकिन आज मैं जो कुछ भी हूं,इसी मैदान की वजह से हूं। मैं KCA अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद और उनकी कमेटी का आभारी हूं कि उन्होंने मेरे नाम पर स्टैंड का नाम रखने का फैसला किया।'

अनिल कुंबले भारत के सबसे सफल गेंदबाजों में शामिल हैं। उन्होंने टेस्ट में 619 और वनडे में 337 विकेट लिए। वे दोनों फॉर्मेट में भारत के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम कुल 953 विकेट दर्ज हैं।

# टी-20 वर्ल्डकप : श्रीलंका पहुंची टीम इंडिया

## 15 फरवरी को भारत-पाकिस्तान मैच में बारिश की आशंका, कोलंबो में 24 घंटे बरसात संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत-पाकिस्तान वर्ल्डकप मैच का मजा बारिश बिगाड़ सकती है। टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो में भिड़ने वाली हैं, लेकिन इस दिन शहर के 60% इलाकों में बारिश का अनुमान है। अगर ऐसा हुआ तो फैंस क्रिकेट की बड़ी राइवलरी को मिस कर देंगे।

टीम इंडिया आज (13 फरवरी) रात कोलंबो पहुंची। वहीं पाकिस्तान टीम अपने सभी मैच कोलंबो में ही खेल रही है। टीम ने अमेरिका और नीदरलैंड को शुरुआती मुकाबले हराए। वहीं भारत ने अमेरिका और नामीबिया को हराया।

कोलंबो में मुकाबले के एक दिन पहले 14 फरवरी की सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 35% बारिश के चांस हैं। शाम 6 बजे तक 25% इलाकों में बारिश हो सकती है। वहीं



टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया 2 मैच जीत चुकी है।

रात 12 बजे तक 10% ही बरसात की आशंका है।

अगर मुकाबला बेनतीजा रहा तो दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट मिलेगा। ग्रुप स्टेज मुकाबलों के लिए रिजर्व डे नहीं रहता है, इसलिए अगर 15 फरवरी को मैच नहीं हो सका तो इसे बेनतीजा ही माना जाएगा। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक 8 मुकाबले खेले गए। 7 में भारत और महज 1 में पाकिस्तान को जीत मिली। पाकिस्तान ने 2021 में दुबई के मैदान पर इकलौती जीत दर्ज की थी। वहीं भारत 2007 में पाकिस्तान को फाइनल भी हरा चुका है।

### रात 10 बजे कोलंबो पहुंची टीम इंडिया

टीम इंडिया शुक्रवार रात करीब 10 बजे कोलंबो पहुंची। भारत ने मुंबई में अमेरिका को पहला मैच हराया, वहीं दिल्ली में नामीबिया के खिलाफ जीत हासिल की। पाकिस्तान भी 2 मैच जीत चुका है। अब 15 फरवरी का मुकाबला जीतने वाली टीम पॉइंट्स टेबल में नंबर-1 पर अपनी पोजिशन को मजबूत कर लेगी।

15 फरवरी को पूरे 24 घंटे बारिश का अनुमान है। सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक 60% से 50% तक बारिश हो सकती है। मैच के दौरान शाम 7 से रात 12 बजे तक भी 10 से 20% तक बारिश की अनुमान जताया गया है।

### आईसीसी की फटकार के बाद मैच खेलने के लिए पाकिस्तान

पाकिस्तान सरकार ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले भारत के खिलाफ मैच खेलने से मना कर दिया था। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने फिर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) को फटकार लगाई। PCB ने ICC के सामने 3 मांगें रखी थीं, लेकिन ICC ने एक न सुनी और पाकिस्तान को मैच खेलने पर मजबूर कर दिया। ICC की फटकार के बाद PCB ने मैच खेलने पर मंजूरी दे दी।

क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे T20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान दैनिक भास्कर के खास गेम 'SUPER ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे।

## मनोरंजन



# मधुबाला की 93वीं बर्थ एनिवर्सरी

## दिलीप कुमार ने 'सॉरी' नहीं कहा तो टूटा रिश्ता, एक्ट्रेस की खूबसूरती देख डायलॉग्स भूल जाते थे धर्मेंद्र

मुंबई। साल था 1933 और तारीख थी 14 फरवरी। इसी सुबह दिल्ली की गलियों में एक बच्ची ने जन्म लिया। नाम था मुमताज जहां बेगम देहलवी, जो आगे चलकर भारतीय सिनेमा की सबसे सुंदर और सबसे यादगार एक्ट्रेस में से एक बनीं। हम बात कर रहे हैं एक्ट्रेस मधुबाला की, जिन्होंने मुगल-ए-आजम, हावड़ा ब्रिज, काला पानी, चलती का नाम गाड़ी और बरसात की रात जैसी फिल्मों में काम किया है। फिल्म मुगल-ए-आजम में उनका अनारकली का किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे प्रसिद्ध किरदारों में से एक है।

मधुबाला की आज 93वीं बर्थ एनिवर्सरी है। इस मौके पर आइए, उनकी जिंदगी से जुड़े कुछ किस्से जानते हैं। मधुबाला, अताउल्लाह खान और आयशा बेगम की 11 संतानों में पांचवीं संतान थीं। उनके चार भाई-बहन बचपन में ही चल बसे थे। उनके पिता अताउल्लाह खान पेशावर घाटी

### मधुबाला आईने के सामने फिल्मी सीन दोहराया करती थीं

बचपन में छोटी-सी मधुबाला आईने के सामने खड़ी होकर फिल्मी सीन दोहराया करती थीं। वे नाचतीं और खुद का मनोरंजन करतीं। पारंपरिक माहौल में पली-बढ़ी होने के बावजूद, उनका सपना फिल्म एक्ट्रेस बनने का था, जिसे उनके पिता शुरू में पसंद नहीं करते थे। हालांकि, 1940 में एक वरिष्ठ अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार करने के कारण नौकरी से निकाले जाने के बाद पिता का फैसला बदल गया।



के स्वाबी जिले से थे और यूसुफजई पश्तून कबीले से संबंध रखते थे। वे दिल्ली में इम्पीरियल टोबैको कंपनी में नौकरी करते थे। परिवार को यह पता नहीं था कि मधुबाला को जन्म से ही वेंट्रिकुलर सेप्टल डिफेक्ट नाम की दिल की बीमारी थी, जिसे आमतौर पर ₹दिल में छेद₹ भी कहा जाता है। बता दें कि उस समय इसका कोई इलाज नहीं था। मधुबाला के बचपन की बात करें तो घर में सख्त अनुशासन, परंपराओं का दबाव और पैसों की किल्लत ये सब उनकी दुनिया का हिस्सा थे। स्कूल की चौखट उन्होंने कभी नहीं देखी, लेकिन शब्दों और भावनाओं की भाषा उन्हें अपने पिता से मिली।

## धमकी मामले में रणवीर सिंह के मैनेजर का बयान दर्ज

मुंबई, एजेंसी

मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह और फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के मैनेजरों के बयान दर्ज किए हैं। वहीं, इसके अलावा अलग से क्राइम ब्रांच ने रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग से जुड़े घटनाक्रम को दोबारा रीक्रिएट किया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, यह रीक्रिएशन पुलिस हिरासत में मौजूद चार आरोपियों- स्वप्निल सकट, आदित्य गायकी, सिद्धार्थ येनपुरे और समर्थ पोमाजी के साथ किया गया। जांच टीम ने उनके बताए सफर के हर स्टेप को फिर से देखा, ताकि अहम जानकारियां और सबूत जुटाए जा सकें।

रीक्रिएशन के दौरान पुलिस अधिकारी आरोपियों के साथ पुणे में स्कूटर खरीदने की जगह से लेकर रास्ते के स्टॉप्स और मुंबई के विले



**रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग केस में क्राइम सीन भी किया गया रीक्रिएट**

पार्ले स्टेशन के बाहर तक गए। पूरे प्रोसेस की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई। जांच में नए फाइनेंशियल डिटेल्स सामने आए। क्राइम ब्रांच के अनुसार, स्कूटर मुंबई पहुंचाने के बाद मुख्य आरोपी शुभम लोंकर ने आरोपियों को अतिरिक्त 11,000 रुपए दिए। पहले पुलिस ने 40,000 रुपए मिलने की बात कही थी।

# वैलेंटाइन डे पर सलमान का रोमांस

## बैटल ऑफ गलवान' के नए गाने में चित्रांगदा संग प्यार में हुए मदहोश



नई दिल्ली, एजेंसी

सलमान खान ने वैलेंटाइन डे (Valentine Day) के मौके पर अपने फैंस को नायाब तोहफा दिया है। पहले उन्होंने गणतंत्र दिवस के मौके पर देशभक्ति से भरा गाना 'मातृभूमि' रिलीज किया था और अब वैलेंटाइन डे पर उनकी फिल्म का रोमांटिक गाना भी आ गया है। सलमान खान की आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवान (Battle of Galwan) को रिलीज होने में अभी थोड़ा वक्त है, लेकिन गानों के जरिए अभिनेता दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर रहे हैं। इस वॉर ड्रामा का दूसरा गाना 'मैं हूं' (Main Hoon Song) भी आखिरकार आउट हो गया है। 14 फरवरी 2026 को बैटल ऑफ गलवान के मेकर्स ने 'मैं हूं' फुल सॉन्ग रिलीज किया। गाने में सलमान खान और चित्रांगदा सिंह रोमांस करते हुए नजर आए। चित्रांगदा के साथ सलमान की केमिस्ट्री लाजवाब लग रही है। 4 मिनट 31 सेकंड का गाना रिलीज होते ही YouTube पर छा गया है। इस गाने को कुनिका सदानंद के बेटे अयान लाल और सिंगर श्रेया घोषाल ने गाया है। इस गाने को कंपोज भी अयान ने ही किया है। उन्होंने ही शबीर अहमद के साथ मिलकर गाने की लिरिक्स भी लिखी हैं। गाना रिलीज होते ही वायरल हो गया है और एक घंटे में ही लाखों व्यूज आ गए हैं। यह नंबर समय के साथ बढ़ रहा है।

**अपूर्व लखिया के निर्देशन में बनी फिल्म बैटल ऑफ गलवान 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में सलमान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म में अभिनेता कर्नल संतोष बाबू की भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 2020 में हुए भारत-चीन के तनाव पर आधारित है।**



## विजय-रश्मिका ने 60 करोड़ का नेटफ्लिक्स का ऑफर ठुकराया!

### रिपोर्ट में दावा- शादी के वीडियो के एक्सक्लूसिव ओटीटी स्ट्रीमिंग राइट्स मांगे गए थे

नई दिल्ली। एक्टर विजय देवरकोंडा और एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपनी कथित शादी के वीडियो के ओटीटी स्ट्रीमिंग राइट्स के लिए 60 करोड़ रुपए का ऑफर ठुकरा दिया है।

टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक, नेटफ्लिक्स ने कथित तौर पर शादी के एक्सक्लूसिव स्ट्रीमिंग राइट्स के लिए 60 करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया था, जिसे दोनों ने अस्वीकार कर दिया। वहीं, टॉलीवुड न्यूज पोर्टल टुपाकी की एक रिपोर्ट के मुताबिक, विजय और रश्मिका जल्द शादी कर सकते हैं। इसी के चलते कई ओटीटी प्लेटफॉर्म उनके पास शादी का वीडियो खरीदने के लिए संपर्क कर रहे हैं। एक बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म ने भी उन्हें मोटी रकम की पेशकश की है।

लेकिन जानकारी के मुताबिक, विजय और रश्मिका किसी भी कीमत पर अपनी कथित शादी का वीडियो बेचना नहीं चाहते। संभावना है कि वे इसे सीधे यूट्यूब पर ही रिलीज करें।

# रूस-चीन के डिफेंस सिस्टम फेल हो गए, कहा- एक दिन सब पता चलेगा

# वेनेजुएला में सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया : ट्रम्प

**संबोधन**

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि वेनेजुएला में 3 जनवरी को हुए सैन्य ऑपरेशन में अमेरिका ने एक सीक्रेट हथियार का इस्तेमाल किया। ट्रम्प के मुताबिक इस हथियार की वजह से रूस और चीन के डिफेंस सिस्टम काम नहीं कर पाए।

नॉर्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग सैन्य बेस पर सैनिकों को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने इस हथियार को 'डिसक-म्बोबुलेटर' कहा। हालांकि उन्होंने इसके बारे में ज्यादा जानकारी देने से इनकार किया। ट्रम्प ने कहा वेनेजुएलाई सैनिकों को एक भी गोली चलाने का मौका नहीं मिला। रूसी उपकरण काम नहीं किए। चीनी उपकरण काम नहीं किए। सब यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि ऐसा क्यों हुआ। एक दिन आपको इसके बारे में पता चलेगा। यह पहली बार है जब ट्रम्प ने किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में इस सीक्रेट हथियार का जिक्र किया है। इससे पहले वह एक बार जिक्र कर चुके थे। पिछले हफ्ते न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, "मुझे इसके बारे में बात करने की अनुमति नहीं है। लेकिन इतना बता दूं, सब कुछ गड़बड़ा दिया गया था। ट्रम्प ने बताया कि किसी भी अमेरिकी सैनिक की मौत नहीं हुई, लेकिन तीन हेलिकॉप्टर पायलट घायल हुए हैं। अमेरिकी सेना के पास कई सालों से 'एक्टिव डिनायल सिस्टम' नाम का एक हीट रे हथियार है। यह डायरेक्टेड, पल्स्ड एनर्जी का इस्तेमाल करता है। हालांकि यह साफ नहीं है कि इस ऑपरेशन में इसका उपयोग किया गया या नहीं।

### अमेरिका के पास तेज गर्मी छोड़ने वाले हथियार

CNN की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के एक पूर्व सीक्रेट अधिकारी ने कहा कि इस तरह के लक्षण डायरेक्टेड एनर्जी हथियारों से मेल खाते हैं। उनके मुताबिक, ऐसे हथियार माइक्रोवेव या लेजर जैसी एनर्जी का इस्तेमाल करते हैं और इससे दर्द, खून बहना और शरीर को शॉर्ट टर्म पैरालिसिस किया जा सकता है।

### अमेरिका ने हमले के लिए 150 विमानों का इस्तेमाल किया

अमेरिकी जॉइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के चेयरमैन एयर फोर्स जनरल डैन केन के मुताबिक, वेनेजुएला पर हमले के लिए 20 ठिकानों से 150 से ज्यादा विमानों ने उड़ान भरी। इनमें बॉम्बर्स, फाइटर जेट, इंटेलिजेंस और सर्विलांस प्लेटफॉर्म शामिल थे।

इस ऑपरेशन में अमेरिकी सैनिक रात के अंधेरे में हेलिकॉप्टर से वेनेजुएला की राजधानी कराकास पहुंचे। उन्होंने भारी सुरक्षा के बीच तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार किया। वेनेजुएला के अधिकारियों के मुताबिक, हमले की शुरुआत अमेरिकी बमबारी से हुई थी, जिसमें सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। इस कार्रवाई में 83 लोगों की मौत हुई और 112 से ज्यादा लोग घायल हुए।



वेनेजुएला के ला ग्वाइरा पोर्ट पर 3 जनवरी को अमेरिकी सेना के हमले का फुटेज।

### अमेरिका पर सोनिक हथियार के इस्तेमाल का आरोप

अमेरिका पर वेनेजुएला में सोनिक हथियार इस्तेमाल करने का आरोप लगा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस ऑपरेशन के दौरान अमेरिकी सेना ने एक बेहद शक्तिशाली और अब तक न देखे गए हथियार का इस्तेमाल किया, जिससे वेनेजुएला के सैनिक पूरी तरह बेबस हो गए थे। एक वेनेजुएलाई सिक्योरिटी गार्ड ने पिछले महीने बताया कि ऑपरेशन शुरू होते ही उनके सभी रडार सिस्टम अचानक बंद हो गए। इसके कुछ ही सेकेंड बाद उन्होंने आसमान में बड़ी संख्या में ड्रोन उड़ते देखे। गार्ड के मुताबिक, उन्हें समझ ही नहीं आया कि इस हालात में क्या किया जाए।

# कैरिबियन सागर में अमेरिकी सेना का एक्शन

## ड्रग्स से लदी बोट पर मिसाइल अटैक तीन की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी**




अमेरिकी सेना ने कैरिबियन सागर में एक संदिग्ध नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाली नाव पर घातक हमला किया है। इस हमले में तीन लोगों के मारे जाने की खबर है।

दरअसल, अमेरिकी दक्षिणी कमान ने सोशल मीडिया पर हमले का एक वीडियो शेयर करते हुए बताया, रकैरिबियन में नशीले पदार्थों की तस्करी वाले मार्गों से गुजर रही थी और नशीले पदार्थों की तस्करी की गतिविधियों में शामिल थी। अमेरिकी दक्षिणी कमान द्वारा शेयर किए गए वीडियो में नाव को पानी में चलते हुए दिखाया गया है, जिसके बाद वह आग की लपटों में घिरकर फट जाती है।

**मरने वालों की संख्या पहुंची 133**

शुक्रवार के हमले के बाद, ट्रंप प्रशासन द्वारा कथित तौर पर मादक (ड्रग्स) पदार्थों से भरी नौकाओं पर किए गए हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 133 हो गई है। सितंबर की शुरुआत से और पूर्वी प्रशांत महासागर में कम से कम 38 हमले किए गए हैं। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने पिछले सप्ताह घोषणा की कि कैरिबियन सागर में हाल ही में हुए सैन्य कार्रवाई के चलते कुछ प्रमुख तस्करों ने सभी मादक पदार्थों के संचालन को बंद करने का निर्णय लिया है। हालांकि, अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर अपने व्यक्तिगत खाते पर किए गए इस दावे का समर्थन करने के लिए कोई विवरण या जानकारी प्रदान नहीं की।

**फास्ट न्यूज**

### निखिल गुप्ता को अमेरिका में 24 साल की जेल

वॉशिंगटन । भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को आतंकवादी गुरुपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में अमेरिका में 24 साल जेल की सजा सुनाई गई। एफबीआई ने बताया कि उन्होंने हत्या, हत्या की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग में दोष स्वीकार किया। आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नूं की हत्या की साजिश रचने के आरोप में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अमेरिका में 24 साल जेल की सजा सुनाई गई है।

### मोहन का मिडनाइट मैसेज- फिर ताकतवर बने मनीष सिंह और वर्णवाल

भोपाल । मध्यप्रदेश सरकार ने शुक्रवार देररात बड़े स्तर पर प्रशासनिक बदलाव किए। इसमें 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परफॉर्मेंस और 2026 के रोडमैप को ध्यान में रखते हुए ये फैसले लिए। बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से प्रमुख सचिव संदीप सिंह और मंत्री राजेंद्र शुक्ला के बीच तालमेल ठीक नहीं बैठ रहा था, यही वजह है कि संदीप सिंह को ट्रांसफर किया गया।

### अमेरिका में 22 वर्षीय भारतीय छात्र लापता

वॉशिंगटन । साकेत के लापता होने की खबर की पुष्टि करते हुए सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की। दूतावास ने एक्स पोस्ट में छात्र को ढूंढने के लिए वह उसके परिवार और स्थानीय अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में होना की बात कही है। स्थानीय मीडिया ने पुलिस के हवाले से बताया कि कर्नाटक के रहने वाले और यूसी बर्कले के छात्र साकेत श्रीनिवासैया मंगलवार को लापता हो गए।

# सोना इस हफ्ते 687 महंगा 1.52 लाख पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इस हफ्ते सोने की कीमत मामूली बढ़त और चांदी के दाम में गिरावट रही। सोने के दाम शुक्रवार 13 फरवरी को 687 रुपए बढ़कर 1,52,765 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गए हैं। इससे पहले ये बीते हफ्ते के आखिरी कारोबार दिन यानी 6 फरवरी को ये 1,52,078 रुपए पर थे। वहीं, चांदी की कीमत 2,496 रुपए गिरकर 2,42,433 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। इससे पहले 6 फरवरी को इसकी कीमत 2,44,929 रुपए प्रति किलो थी। हालांकि, इस हफ्ते में 11 फरवरी को सोना 1,57,322 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 2,66,449 रुपए प्रति किलो पहुंच गया था।

इस साल अब तक सोने की कीमत 19,570 रुपए बढ़ चुकी है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,52,765 रुपए हो गया है।

**चांदी 2,496 सस्ती हुई, 2,42 लाख किलो पर आई**

वहीं, चांदी 12,013 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 2,42,433 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है। 2025 में सोना 57 हजार रुपए (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1,33,195 रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख रुपए (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86,017 रुपए की थी, जो साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपए प्रति किलो हो गई।

# अमेरिका से रिश्तों में गहरी दरार, नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म

# यूरोप की आजादी की गारंटी नहीं : जर्मन चांसलर मर्ज

**म्यूनिख, एजेंसी**



जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा है कि यूरोप की आजादी की अब गारंटी नहीं है। मर्ज के मुताबिक यूरोप अब यह मानकर नहीं चल सकता कि उसे अपने-आप सुरक्षा मिलती रहेगी।

म्यूनिख में सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस (MSC) को संबोधित करते हुए मर्ज ने माना कि यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में गहरी दरार आ गई है।

उन्होंने कहा कि नियमों से चलने वाली दुनिया खत्म हो गई है, वैश्विक व्यवस्था अब उस रूप में मौजूद नहीं रही। मर्ज ने कहा कि दुनिया अब बड़ी शक्तियों की प्रतिस्पर्धा से चल रही है।

सम्मेलन में कई यूरोपीय नेता और अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी मौजूद रहे।

मर्ज ने पिछले साल म्यूनिख में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के बयान का जिक्र करते हुए उन पर खुलकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "MAGA आंदोलन की सांस्कृतिक लड़ाई हमारी नहीं है।"

पिछले साल म्यूनिख सम्मेलन में जेडी वेंस ने यूरोप में अभिव्यक्ति की आजादी, आप्रवासन और पारंपरिक मूल्यों से जुड़े मुद्दों पर टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि यूरोप अपने मूल्यों से दूर जा रहा है और कुछ देशों में फ्री स्पीच सीमित हो रही है।

### मर्ज बोले- अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता

मर्ज ने कहा कि आज की दुनिया में अमेरिका भी अकेले नहीं चल सकता। उनके मुताबिक, अब हालात ऐसे हो गए हैं कि कोई भी बड़ी ताकत अपने दम पर हर चुनौती का सामना नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में अमेरिका को भी सहयोगियों की जरूरत है। सुरक्षा, रक्षा, तकनीक और व्यापार जैसे बड़े मुद्दों पर साझेदारी जरूरी है। सिर्फ ताकत के भरोसे आगे बढ़ना अब संभव नहीं है।



### सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद बनी व्यवस्था खत्म हुई

मर्ज ने कहा कि सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बाद जो वैश्विक व्यवस्था बनी थी, वह अब खत्म हो गई है। उन्होंने बताया कि उस समय देश आपसी नियमों और समझ के आधार पर काम करते थे, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। मर्ज ने कहा कि ऐसे माहौल में यूरोप यह मानकर नहीं चल सकता कि उसकी सुरक्षा और आजादी अपने-आप बनी रहेगी। यूरोपीय देशों को अब ज्यादा जिम्मेदारी लेनी होगी। जरूरत पड़े तो त्याग भी करना होगा और अपनी रक्षा व अर्थव्यवस्था खुद मजबूत करनी होगी। मर्ज के मुताबिक, अब फैसले साझा नियमों से नहीं, बल्कि ताकत और अपने-अपने हितों के आधार पर लिए जा रहे हैं।

# भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की सजा, न्यूयॉर्क कोर्ट में गुनाह कबूला

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश का मामला

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**




खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के मामले में भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को 24 साल की जेल की सजा सुनाई गई।

ANI की रिपोर्ट के मुताबिक निखिल ने शुक्रवार को अमेरिका के न्यूयॉर्क की कोर्ट में गुनाह कबूल कर लिया है। 29 मई को सजा का औपचारिक ऐलान किया जाएगा।

अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने एक्स पर पोस्ट कर निखिल गुप्ता के अपराध कबूलने की जानकारी दी। FBI के मुताबिक, यह साजिश एक अमेरिकी नागरिक की हत्या के लिए रची गई थी, जिसे अमेरिकी एजेंसियों ने समय रहते नाकाम कर दिया।

US अटॉर्नी ऑफिस के बयान के मुताबिक, निखिल गुप्ता उर्फ 'निक' ने सेकंड सुपरसिडिंग इंडिक्टमेंट में लगाए गए तीनों आरोपों को स्वीकार किया है। इन आरोपों में मर्डर-फॉर-हायर, मर्डर-फॉर-हायर की साजिश और मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश शामिल है। गुरपतवंत सिंह पन्नू मूलरूप से पंजाब के खानकोट का रहने वाला है। वो फिलहाल अमेरिका में रहता है और सिख फॉर जस्टिस नाम का संगठन चलाता है। उसके पास अमेरिका और कनाडा दोनों देशों की नागरिकता है। भारत सरकार ने 2019 में आतंकी गतिविधियां चलाने के आरोप में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम यानी UAPA के तहत पन्नू के संगठन SFJ पर बैन लगाया। सिखों के लिए रेफरेंडम की आड़ में SFJ पंजाब में अलगाववाद और उग्रवादी विचारधारा का समर्थन कर रहा था। पन्नू पर साल 2020 में अलगाववाद को बढ़ावा देने और पंजाबी सिख युवाओं को हथियार उठाने के लिए प्रोत्साहित करने का आरोप लगा।




### निखिल को यूरोपीय देश चेक रिपब्लिक से गिरफ्तार किया

पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में निखिल गुप्ता को 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद 14 जून 2024 को निखिल को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया था। निखिल पर अमेरिका में केस चलाया गया, जहां उसने खुद को निर्दोष बताया था। अमेरिकी एजेंसियों के मुताबिक, भारत के एक पूर्व अफसर विकास यादव ने निखिल गुप्ता से पन्नू की हत्या की साजिश रचने को कहा था।

अमेरिकी न्याय विभाग ने दावा किया है कि भारतीय सरकार के एक कर्मचारी ने निखिल गुप्ता को पन्नू की हत्या के लिए एक हिटमैन की व्यवस्था करने को कहा था। यह आरोप मैनहट्टन की फेडरल कोर्ट में दाखिल इंडिक्टमेंट में लगाया गया था।

### 2023 में दिल्ली से गिरफ्तार हुआ था विकास यादव

अमेरिका में वांटेड विकास यादव को दिल्ली पुलिस ने 18 दिसंबर 2023 को गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ दिल्ली के एक बिजनेसमैन ने हत्या के प्रयास और किडनैपिंग का केस दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने विकास और उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था। व्यापारी ने विकास और गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई के संबंधों के बारे में भी बताया था। इस मामले में विकास को अप्रैल 2024 में जमानत मिल चुकी है।

# रिलायंस अब सीधे वेनेजुएला से कच्चा तेल खरीदेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**




रिलायंस इंडस्ट्रीज को वेनेजुएला का कच्चा तेल खरीदने के लिए अमेरिका से लाइसेंस मिल गया है। सूत्रों के अनुसार इस मंजूरी के बाद देश की सबसे बड़ी प्राइवेट रिफाइनर कंपनी अब बिना किसी बिचौलिए के वेनेजुएला से ज्यादा मात्रा में कच्चा तेल इम्पोर्ट कर सकेगी।

हालांकि रिलायंस की ओर से इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। अमेरिका के साथ हुई हालिया ट्रेड डील के बाद यह खबर आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रेड डील का ऐलान करते हुए कहा था कि भारत ने रूसी तेल का आयात पूरी तरह बंद करने का वादा किया है। मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज गुजरात के जामनगर में दुनिया का सबसे बड़ा रिफाइनिंग कॉम्प्लेक्स चलाती है। सूत्रों के मुताबिक, जनवरी के आखिर में अमेरिका ने रिलायंस सहित कुछ अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को वेनेजुएला से सीधे तेल खरीदने की अनुमति दी है।

**दावा- अमेरिका ने दी लाइसेंस की मंजूरी, रूस पर निर्भरता कम करने की तैयारी**

वेनेजुएला का कच्चा तेल भारी कैटेगरी का होता है। जामनगर रिफाइनरी की बनावट ऐसी है कि वहां इस तरह के भारी तेल को प्रोसेस करना आसान और किफायती होता है। इससे कंपनी का प्रॉफिट मार्जिन बढ़ेगा। इससे पहले ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि भारत सरकार ने देश की सरकारी तेल कंपनियों से कहा है कि वे अब अमेरिका और वेनेजुएला से ज्यादा कच्चा तेल खरीदने पर विचार करने को कहा है।

**तनाव : वेनेजुएला में ऑपरेशन में शामिल था, ईरान से तनाव के बीच दूसरा एयरक्राफ्ट कैरियर रवाना**

# ट्रम्प ने दुनिया के सबसे बड़े युद्धपोत को मिडिल-ईस्ट भेजा

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**



अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहा है। अमेरिका अब अपना सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर USS जेराल्ड आर. फोर्ड वहां भेज रहा है। यह एक न्यूक्लियर-पावर्ड कैरियर एयरक्राफ्ट है। रॉयटर्स को दो अमेरिकी अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है। अधिकारी के मुताबिक, जेराल्ड को मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक हफ्ता लगेगा। वहां पहले से अब्राहम लिंकन कैरियर और दूसरे युद्धपोत तैनात हैं।

जेराल्ड अपने साथी जहाजों के साथ कैरिबियन सागर में तैनात था। यह इस साल वेनेजुएला में हुए अमेरिकी अभियानों में हिस्सा ले चुका है। इसके अलावा हाल के हफ्तों में कई गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर, फाइटर जेट और निगरानी विमान भी मिडिल ईस्ट में भेजे गए हैं। अमेरिकी नौसेना के पास कुल सिर्फ 11 एयरक्राफ्ट कैरियर हैं, इसलिए ये बहुत कीमती संसाधन हैं और इनकी तैनाती का कार्यक्रम पहले से तय होता है।

### 2025 से समुद्र में तैनात है जेराल्ड आर. फोर्ड

जेराल्ड आर. फोर्ड पिछले साल जून से लगातार समुद्र में तैनात है। इसे पहले यूरोप में तैनात होना था, लेकिन नवंबर में अचानक इसे कैरेबियन सागर में भेज दिया गया। आमतौर पर एयरक्राफ्ट कैरियर की तैनाती नौ महीने की होती है, लेकिन सैन्य गतिविधि बढ़ने पर इसे बढ़ाया भी जाता है। फोर्ड परमाणु रिएक्टर से संचालित है और इसमें 75 से ज्यादा सैन्य विमान तैनात किए जा सकते हैं। इनमें एफ-18 सुपर हॉर्नेट फाइटर जेट और ई-2 हॉकआई जैसे अर्ली वार्निंग विमान शामिल हैं। इसमें अत्याधुनिक रडार सिस्टम भी लगा है, जो हवाई यातायात और नेविगेशन को नियंत्रित करने में मदद करता है। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन ने बुश एयरक्राफ्ट कैरियर को भेजने पर भी विचार किया था। हालांकि वह अभी सर्टिफिकेशन प्रक्रिया में है और उसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में एक महीने से ज्यादा समय लग जाता।

### ट्रम्प बोले-ईरान में सत्ता परिवर्तन सबसे अच्छी बात

ट्रम्प ने ईरान में सत्ता परिवर्तन की संभावना का खुलकर जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि अगर तेहरान में सत्ता बदलती है तो "यह सबसे अच्छी बात होगी"। नॉर्थ कैरोलिना के फोर्ट ब्रैग में सैनिकों से मिलने के बाद ट्रम्प ने पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या अमेरिका ईरान की इस्लामिक धार्मिक नेतृत्व को हटाने के लिए दबाव बनाएगा। इस पर ट्रम्प ने कहा, "ऐसा लगता है कि यही सबसे अच्छा हो सकता है।" उन्होंने कहा कि ईरान का धार्मिक शासन 47 साल से सिर्फ बात कर रहा है।

# एअर इंडिया पर 1 करोड़ का जुर्माना सेफ्टी नियमों का पालन नहीं करने पर कार्रवाई

## 8 बार बिना फिटनेस सर्टिफिकेट के उड़ा था विमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**




भारत के नागरिक उड्डयन नियामक (DGCA) ने एअर इंडिया पर 1.10 लाख डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई एक एयरबस विमान को बिना 'एयरवर्थ-नेस रिव्यू सर्टिफिकेट' (विमानल उड़ाए जाने योग्य है या फिटनेस सर्टिफिकेट) के 8 बार उड़ाए जाने के कारण की गई।

DGCA ने एक गोपनीय आदेश में कहा है कि इस चूक से देश की दूसरी सबसे बड़ी एयरलाइन पर जनता का भरोसा और कम हुआ है।

PTI के अनुसार मामला 26 नवंबर 2025 का है, जब एअर इंडिया ने खुद DGCA को इस चूक की जानकारी दी थी।

कंपनी ने बताया था कि उनके एक एयरबस A320 नियो विमान का एयरवर्थनेस सर्टिफिकेट एक्सपायर हो चुका था। फिर भी उसे 24 और 25 नवंबर को 8 रेवेन्यू सेक्टर्स (व्यावसायिक उड़ानों) में इस्तेमाल किया गया। इसके बाद 2 दिसंबर को DGCA ने मामले की जांच शुरू की थी। जांच पूरी होने के बाद अब रेगुलेटर ने जुर्माना लगाया है। जुर्माने की खबर के बाद एअर इंडिया ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है। एयरलाइन ने कहा कि हमें DGCA का आदेश मिल गया है। यह मामला उस घटना से जुड़ा है, जिसकी जानकारी हमने खुद 2025 में अथॉरिटी को दी थी। हमने अपनी जांच में जो भी कमियां पाई थीं, उन्हें पूरी तरह ठीक कर लिया गया है और इसकी रिपोर्ट रेगुलेटर को दी गई है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।

मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96